* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 15

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के घर इडी की छापेमारी




FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE
Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177


### मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# नियुक्तियों में धांधली और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : हेमंत

- सीएम ने मंच से नवनियुक्ति चिकित्सकों से पूछा, क्या आपसे किसी ने नौकरी के लिए घूस ली है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में किसी भी नियुक्ति में कोई धांधली और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारी सरकार ने एक कानून बनाया है, जिसमें किसी भी नियुक्ति में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की धांधली और भ्रष्टाचार की बात सामने आयेगी तो संबंधित संस्था और पदाधिकारी जेल में होंगे। उन्होंने मंच से ही पशु चिकित्सकों से पूछा कि क्या आपसे किसी ने नौकरी के लिए घूस ली है। अगर ली है तो उसका नाम बतायें, वह जेल में होगा। यह मुख्यमंत्री का वादा है। हेमंत सोरेन गुरुवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रोजेक्ट भवन में पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता और मंत्री बादल समेत अधिकारीगण मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज आपको भी नियुक्ति पत्र देने का मौका मिल रहा है। यहां आपको सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं मिल रहा है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के रूप में पुरानी पेंशन योजना से भी आप जुड़ रहे हैं। आज नियुक्ति पत्र को लेकर आपका जो उत्साह देखने को मिल रहा है, यह आपके कार्यों में भी हमेशा बना रहे, यह उम्मीद रखता हूं। आप अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभायें, आपके साथ सरकार हमेशा खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय नियुक्ति पत्र देना भी काफी चुनौतीपूर्ण है। नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने के साथ उसे विवादों में लाने की कोशिश शुरू हो जाती है। कुछ समूह साजिश के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश करते हैं। हमारी सरकार में जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं, उसमें कोई विवाद नहीं हुआ है। आज गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करनेवाले परिवार का नौजवान भी डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बन कर राज्य की सेवा कर रहा है।



### किसान-पशुपालक सशक्त बनें, सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गांव कैसे समृद्ध हों। किसान-पशुपालक कैसे सशक्त बनें। लोग कैसे स्वस्थ रहें। इसी परिकल्पना के साथ सरकार काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि राज्य कुपोषण मुक्त हो। इसके लिए हमारी सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीण इलाकों में एक और दो एकड़ जमीन का पैक बनायें। यह जमीन पशुपालकों को लीज पर दें। उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायें। उन्हें मार्गदर्शन भी दें, ताकि वे व्यावसायिक पशुपालन करने के लिए आगे आयें। इससे पशुपालकों की आय भी बढ़ेगी और अंडा-मछली इत्यादि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर होगा।

### आज से आप सरकार के अभिन्न अंग हैं

मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सकों से कहा कि आप आज से सरकार के अभिन्न अंग बन रहे हैं। विशेषकर आप जिस सेवा से जुड़ रहे हैं, वह इस राज्य का मूल आधार है। कृषि और पशुपालन का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीणों की आय कैसे बढ़े, इस पर सरकार का विशेष फोकस है। इसमें आपको ग्रामीणों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने होंगे। सरकार के संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग कैसे हो, इसे भी सुनिश्चित करना है। आपके सहयोग से ही राज्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं।

### राज्य की नींव मजबूत होगी तो हर चुनौती से निपट लेंगे

हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार गठन के साथ ही हमें कोरोना महामारी का सामना करना पड़ा। इस महामारी से निजात मिली तो सुखाड़ की स्थिति झेलनी पड़ी। लेकिन, चुनौतियां के बीच सरकार राज्य की बुनियाद मजबूत करने की दिशा में लगातार काम करती आ रही है। इसी का नतीजा है कि आज राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ चला है। मेरा मानना है कि अगर बुनियाद मजबूत होगी तो हर चुनौती को आसानी से झेल लेंगे। इसी संकल्प के साथ हम अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# अजेय भारत...



# श्रीलंका को धूल चटायी रिकॉर्ड 302 रन से जीता

- भारत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी
- वर्ल्ड कप में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** भारत वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। भारत ने श्रीलंका को 302 रन से हराया। यह भारत की वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत है, इससे पहले टीम ने 2007 में बरमुडा को 257 रन से हराया था। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाये। दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत के 7 मैचों में 14 अंक हो गये हैं। टीम टूनामेंट अब तक अजेय है। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिये। शुभमन गिल ने 92 बॉल पर 92 रन, विराट कोहली 94 बॉल पर 88 रन और श्रेयस ने 56 बॉल पर 82 रन बनाये। **(देखें पेज 10 भी)**

# एथिक्स कमेटी के सवाल पर भड़कीं महुआ, पूछताछ से निकलीं

आजाद सिपाही संवददाता

**नयी दिल्ली।** पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से लोकसभा एथिक्स कमेटी ने गुरुवार को पूछताछ की। महुआ मोइत्रा, दानिश अली और अन्य विपक्षी सांसद भड़कते हुए एथिक्स कमेटी के दफ्तर से बाहर निकले। जब इनसे गुस्से का कारण पूछा गया, तो दानिश अली ने कहा कि चेयरमैन पूछ रहे हैं कि रात में किससे बात करती हैं, क्या बात करती हैं। ये कैसी एथिक्स कमेटी है, जो अनैतिक सवाल पूछ रही है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बाद भी एथिक्स कमेटी ने विचार-विमर्श जारी रखा। विपक्षी सदस्यों के बहिष्कार पर एथिक्स कमेटी प्रमुख विनोद सोनकर ने कहा कि सदस्यों ने पैनल की कार्यप्रणाली और मेरे खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि दर्शन हीरानंदानी के हलफनामे में किये गये दावों पर लोकसभा की एथिक्स कमेटी महुआ मोइत्रा से सवाल करने के लिए बाध्य है। एथिक्स पैनल की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि जब दर्शन के हलफनामे के बारे में पूछा गया तो टीएमसी सांसद महुआ ने गुस्से में और अहंकारपूर्ण व्यवहार किया।

# बंदूक की नोंक पर आइआइटी बनारस में छात्रा के साथ अश्लीलता, कपड़े उतरवाये

- हजारों छात्र-छात्राओं ने किया प्रोटेस्ट, कैंपस बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** आइआइटी-बीएचयू में बुधवार देर रात एक छात्रा से छेड़छाड़ हुई। तीन युवकों ने दोस्त के साथ जा रही लड़की को रोका। गन पॉइंट पर लड़की और लड़के को अलग किया। फिर जबरन किस करने के बाद उसके कपड़े उतरवाये। उसके बाद उसका वीडियो बनाने लगे। इस घटना के विरोध में गुरुवार को हजारों छात्र सड़क पर उतर गये हैं। घटना बीएचयू कैंपस में कर्मन बाबा मंदिर से करीब 300 मीटर दूर एग्रीकल्चर फॉर्म के पास रात करीब डेढ़ बजे की है। बुधवार की सुबह करीब 2500 छात्रों ने राजपूताना हॉस्टल के सामने प्रोटेस्ट किया। देखते ही देखते भारी संख्या में छात्र विरोध में शामिल हो गये। छात्र-छात्राओं ने पूरा कैंपस बंद करा दिया। क्लास और लैब में रिसर्च का काम भी बंद कर दिया गया। पूरे कैंपस में इंटरनेट सर्विस बंद कर दी गयी है। वहीं, इस मामले में लंका थाने में पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है।

### छात्रा ने बताया घटनाक्रम

छात्रा ने बताया कि वह बुधवार रात 1:30 बजे अपने हॉस्टल से किसी जरूरी काम के लिए बाहर निकली। कैंपस के गांधी स्मृति चौराहे के पास मुझे मेरा दोस्त मिला। हम दोनों साथ में जा रहे थे कि रास्ते में कर्मन बाबा मंदिर से करीब 300 मीटर दूर पीछे से एक बुलेट मोटरसाइकिल आयी। उस पर तीन लड़के सवार थे। उन लोगों ने बाइक खड़ी करके मुझे और मेरे दोस्त को रोक लिया। इसके बाद गन पॉइंट पर हमें अलग कर दिया। मेरा मुंह दबा कर मुझे एक कोने में ले गये। वहां पहले मुझे किस किया, उसके बाद गन पॉइंट पर मेरे कपड़े उतरवाये। मेरा वीडियो बनाया और फोटो खींची। मैं जब बचाव के लिए चिल्लायी, तो मुझे मारने की धमकी दी। करीब 10-15 मिनट तक मुझे अपने कब्जे में रखा और फिर छोड़ दिया। मैं अपने हॉस्टल की ओर भागी तो पीछे से बाइक की आवाज आने लगी। डर के मारे एक प्रोफेसर के आवास में घुस गयी। वहां पर 20 मिनट तक रुकी और प्रोफेसर को आवाज दी। प्रोफेसर ने मुझे गेट तक छोड़ा। उसके बाद पार्लियामेंट सिक्योरिटी कमेटी के राहुल राठौर मुझे आइआइटी-बीएचयू पेट्रोलिंग गार्ड के पास लेकर पहुंचे। जहां से मैं अपने हॉस्टल तक सुरक्षित आ पायी। तीनों आरोपियों में से एक मोटा, दूसरा पतला और तीसरा मीडियम हाइट का था।

# एसीबी ने इडी अधिकारी को घूस लेते पकड़ा

**जयपुर (आजाद सिपाही)।** राजस्थान की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारी को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए जयपुर से गिरफ्तार किया है। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर हमला किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि ये लोग छापों की आड़ में भाजपा के स्टार प्रचारक तो नहीं बन कर घूम रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसीबी की टीम ने मणिपुर के इंफाल में तैनात इडी के एक अधिकारी और उसके सहयोगी को 15 लाख रुपये की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी चिटफंड मामले में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी से 17 लाख रुपये मांग रहा था।

## न्यूज रील्स

### सीबीएसइ 10वीं-12वीं परीक्षा की तारीखों का एलान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने वर्ष 2024 के लिए प्रैक्टिकल और थ्योरी परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। सीबीएसइ कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी, 2024 से शुरू होंगी। थ्योरी पेपर की परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से शुरू होंगी और 10 अप्रैल 2024 तक चलेंगी।

### नौकरी के बदले जमीन मामले में 29 को सुनवाई

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में गुरुवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपियों की तरफ से चार्जशीट की स्क्रूटनी करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गयी। जिसके बाद अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख मुकर्रर की गयी। मामले में आरोपियों की तरफ से पासपोर्ट अदालत में जमा कराया गया।

### महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 का पांचवा दिन

# भारतीय टीम का जलवा बरकरार

- कोरिया को 5-0 से हराया
- सलीमा बनी प्लेयर ऑफ द मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भारतीय महिला हॉकी टीम लीग के शीर्ष पर काबिज हो चुकी है। पांचवे दिन गुरुवार को हुए मुकाबले में भारत ने कोरिया को 5-0 से हराया। मैच की शुरुआत काफी दमदार तरीके से हुई। झारखंड की सलीमा टेटे ने एक बार फिर अपना जादू दिखाया। मैच के पहले क्वार्टर में भारत की सलीमा टेटे ने छठे मिनट में पहला गोल मारा। इसके बाद भारत लगातार कोरिया पर हावी रहा। अंत में 5-0 से जीत हासिल कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच भारत की सलीमा टेटे और राइजिंग स्टार से संगीता कुमारी को सम्मानित किया गया। भारत और कोरिया के बीच मैच का उद्घाटन करने के लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पहुंचे थे। इस मौके पर आइएएस मनीष रंजन, हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे। इससे पहले गुरुवार को हुए मैच में मलेशिया ने थाइलैंड को 2-0 के अंतर से हराया तो चीन ने जापान को 1-0 से हराया। भारत के अलावा चीन, कोरिया और जापान की टीम सेमीफाइनल में पहुंची है।



- 03 नवंबर 2023 : रेस्ट डे

शुक्रवार को रेस्ट डे है। शनिवार को सेमीफाइनल मैच होगा, जबकि रविवार 5 नवंबर को फाइनल खेला जायेगा।


KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड के लिए इस बार खास होगा 15 नवंबर

## ■ सवा तीन करोड़ लोग बेसब्री से कर रहे हैं 15 नवंबर का इंतजार

## ■ प्रदेश पर होगी मोदी और हेमंत सोरेन सरकार के तोहफों की बारिश

## ■ इसके साथ ही मिलेगा राज्य में चुनावी मुकाबले का शुरुआती संकेत

**आजाद सिपाही विशेष**

**15 नवंबर, झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों और 2.45 करोड़ वोटरों के लिए एक अहम दिन, क्योंकि इसी दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है और झारखंड का स्थापना दिवस भी। भगवान बिरसा जयंती होने के कारण यह दिन वैसे तो बहुत पहले से विशेष तौर पर मनाया जाता रहा है, लेकिन पिछले 22 साल से इस दिन को पूरे झारखंड में खास समारोह आयोजित होते हैं। इस बार यही 15 नवंबर का दिन, यानी भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती और झारखंड का 23वां स्थापना दिवस खास होनेवाला है। यह दिन इतना खास इसलिए होगा, क्योंकि यह पहली बार होगा, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने झारखंड की धरती पर रहेंगे और इसके साथ ही देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत करेंगे। जाहिर है, झारखंड के लोगों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री झारखंड के बर्थ डे पर कुछ न कुछ तोहफा जरूर देंगे, तो दूसरी तरफ राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने भी इस दिन को यादगार बनाने के लिए खास तैयारी की है। राज्य में कई नयी योजनाओं की शुरुआत उस दिन होगी और कई नयी सुविधाएं भी लोगों को मिलेंगी। कुल मिला कर इस 15 नवंबर को झारखंड के लोगों के लिए हर तरफ से खुशखबरी ही मिलेगी। इस खुशखबरी का एक बड़ा कारण यह है कि अब राजनीतिक माहौल चुनावी हो चला है, तो भगवान बिरसा जयंती और स्थापना दिवस के बहाने राजनीतिक दांव-पेंच भी होंगे, जिससे चुनावी मुकाबले की आरंभिक तसवीर भी साफ होगी। क्या होगा 15 नवंबर को और क्या है इसकी तैयारी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

एक तरफ पूरी दुनिया के आदिवासियों के लिए 15 नवंबर का दिन खास होता है, क्योंकि यह उनके सबसे आदरणीय भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है, तो दूसरी तरफ झारखंड के लिए पिछले 22 साल से यह दिन खास होता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 2000 में अलग राज्य के रूप में झारखंड का उदय हुआ था। इसलिए 15 नवंबर का दिन भगवान बिरसा मुंडा के साथ झारखंड का भी बर्थडे है और हर साल इसे यादगार बनाने की हरसंभव कोशिश होती है। लेकिन इस बार तो यह दिन और भी खास होनेवाला है, क्योंकि इस बार 15 नवंबर को झारखंड पूरे देश की निगाहों में रहेगा। इसलिए झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता, जिसमें 2.45 करोड़ मतदाता भी हैं, को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है।

### पीएम मोदी करेंगे तोहफों की बारिश

इस बार का 15 नवंबर झारखंड के लिए खास होनेवाला है, क्योंकि उस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए उनकी जन्मस्थली उलिहातू में रहेंगे। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पीएम मोदी वहां से देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत करेंगे, जिसके माध्यम से देशवासियों को आजादी के अमृत वर्ष में भारत की विकास यात्रा की झांकियां देखने को मिलेंगी। मोदी सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम से जहां देशवासियों को गौरव की अनुभूति करने का अवसर मिलेगा, वहीं दुनिया को भी भारत के बारे में अधिक गहराई से जानने का मौका मिलेगा। लेकिन झारखंड के लिए प्रधानमंत्री मोदी का प्रेम इस बार 15 नवंबर को बड़े स्वरूप में सामने आने की उम्मीद है।



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री का पद संभालने के पहले से मोदी ने झारखंड और आदिवासियों के प्रति अपना प्रेम कई अवसरों पर जाहिर किया है।

अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने कई योजनाओं की शुरुआत झारखंड से की, तो दूसरे कार्यकाल में भी उन्होंने झारखंड को अपनी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा। उन्होंने इस राज्य को और खास कर आदिवासियों के प्रति अपने प्रेम को न केवल जाहिर किया, बल्कि आदिवासियों को गौरव का अनुभव कराने के लिए 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इतना ही नहीं, पहली बार एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठा कर पीएम मोदी ने साबित कर दिया कि इस देश में आदिवासियों के सबसे बड़े हितचिंतक वही हैं। इसलिए इस बार लोगों को उनकी झारखंड यात्रा से बहुत उम्मीद है। लोग यह उम्मीद कर रहे हैं कि पीएम मोदी खाली हाथ तो नहीं ही आयेंगे। तो यह देखनेवाली बात होगी कि उनकी झोली से इस बार झारखंड के लिए क्या निकलता है। अब तक घोषित कार्यक्रम में पीएम मोदी द्वारा कांके में ट्रिपल आइटी परिसर का शिलान्यास करने की बात शामिल है, जबकि विस्तृत कार्यक्रम अब तक सामने नहीं आया है।

### हेमंत सरकार भी कर रही है खास तैयारी

भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस को खास बनाने के लिए हर साल वैसे तो खास तैयारी होती ही है, लेकिन इस बार इन अवसरों को यादगार बनाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार विशेष तैयारी कर रही है। राज्य सरकार के सभी विभागों से कहा गया है कि वे अपनी-अपनी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से रिपोर्ट तैयार करें और आम लोगों तक उन उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पहुंचायें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 15 नवंबर को 'आपके द्वारा, आपकी सरकार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने की घोषणा कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दो चरण प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद सफल हुए थे। इसलिए तीसरे चरण से भी लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने अभियान को नये मुकाम तक ले जायेगी, क्योंकि यह एक मुद्दा सियासी दृष्टि से बेहद संवेदनशील साबित हो सकता है। समाज कल्याण की कई योजनाओं की घोषणा भी हो सकती है और साथ ही कुछ ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम भी शुरू किये जा सकते हैं, जिनसे आम लोगों को बहुत सहूलियत मिलेगी।

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जिस स्तर पर शुरू की हैं, ऐसा लगता है कि उस दिन झारखंड के लोगों पर दोनों तरफ से तोहफों की बारिश होगी।

### सियासी दांव-पेंच की जमीन भी होगी तैयार

इस बार 15 नवंबर की तारीख झारखंड के लिए इसलिए भी खास होनेवाली है, क्योंकि यह आम चुनावों से ठीक पहले आ रही है। पिछली बार राज्य की 14 संसदीय सीटों में से 11 पर खुद और एक पर सहयोगी आजसू का कब्जा होने के बाद भाजपा को यह प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है।

पार्टी को उम्मीद है कि उसके सबसे बड़े नेता और दुनिया भर के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी की झारखंड यात्रा उसकी सियासी जमीन को मजबूत करेगी, जिससे वह 2019 के प्रदर्शन को न केवल दोहरा सकेगी, बल्कि उसमें सुधार भी करेगी। दूसरी तरफ झामुमो-कांग्रेस-राजद की तरफ से राज्य स्थापना दिवस पर सियासी दांव-पेंच का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दिया जायेगा, क्योंकि उसके सामने भाजपा को रोकने की चुनौती होगी। इन दोनों कार्यक्रमों-आयोजनों के बीच एक बात तय है कि इस बार का 15 नवंबर झारखंड के लिए बेहद खास होनेवाला है।

---

## पीएम का छत्तीसगढ़ दौरा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा एलान, भाजपा करेगी तेंदूपत्ता बेचनेवालों की बेहतर व्यवस्था, मिलेगा पारिश्रमिक और बोनस

- छत्तीसगढ़ को लूटनेवाले बच नहीं पायेंगे, यह मोदी की गारंटी है
- किसानों को धान का पैसा हम देते हैं और कांग्रेस झूठ बोलती है कि पैसा वह देती है
- छत्तीसगढ़ में जिसके पास मकान नहीं है, उन सबको मकान मिलेगा
- तीस टका कक्का आपका काम पक्का, बताओ कक्का कहां गया प्लांट मक्का

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर/कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर बस्तर कांकेर की धरती से कांग्रेस की सभी गारंटियों को ध्वस्त करते हुए यह गारंटी दी कि जिन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटा है, वे कितने भी ताकतवर क्यों न हों, बच नहीं पायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन रही है। मैं भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण का न्यौता देने आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी योद्धाओं को नमन करते हुए स्थानीय भाषा में जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की आंधी चल रही है। भाजपा की संकल्प रैली में शामिल होने का मुझे सौभाग्य मिला है। भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ को देश के शीर्ष राज्यों में लाने का है। कांग्रेस और विकास में 36 का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास नहीं रह सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने नारा देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने भरी हुंकार, अबकी बार भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि कल ही छत्तीसगढ़ ने अपना स्थापना दिवस मनाया। छत्तीसगढ़ के लोगों और भाजपा ने साथ मिल कर छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। जब तक दिल्ली में कांग्रेस की सरकार रही, यहां की भाजपा सरकार से दुश्मनी निकालती रही। छत्तीसगढ़ 25 साल का होनेवाला है। परिवार में बेटे बेटियों के जीवन में भी यह 25 साल बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह चुनाव सिर्फ विधायक मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। आपके भविष्य, आपके बच्चों के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पांच वर्षों में कांग्रेस नेताओं का विकास हुआ है। कांग्रेस के नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ है। बस्तर के गरीब दलित पिछड़े आदिवासी परिवारों को क्या मिला? छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दीं। बीमार स्कूल, अस्पताल दिये हैं। कांग्रेस ने सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस शासन में नौकरियों की बंदरबांट, पीएससी घोटाला, हत्या अपराध, हिंसा यही सब मिला है।



छत्तीसगढ़ का, बस्तर का एक-एक भाई बहन तंग आ गया है। कांग्रेस की सरकार से कह रहा है अऊ नई सहिबो, बदल के रहिबो। उन्होंने कहा कि गरीब की चिंता भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। हम आपके वर्तमान और आपके भविष्य दोनों की चिंता करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जो भी योजनाएं बनायी हैं, उनका लक्ष्य एक ही रहा है, गरीब का कल्याण। आदिवासी का कल्याण। झुग्गी झोंपड़ी कच्चे मकान के अंदर कितना कष्ट होता है, यह मैं भली भांति जानता हूं, इसलिए हमने गरीबों को पक्के घर की योजना बनायी। जब गरीब के लिए दिल में दर्द होता है तो काम कैसे होते हैं, यह हमने बताया है। छत्तीसगढ़ में सारे गरीब परिवारों के लिए मकान देंगे। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीब के घर बनने में भी रोने लगती है। उन्हें उनकी चिंता यह है कि अगर गरीबों को घर मिल जायेगा तो वह मोदी का जय जयकार करेगा। कोरोना संकट में खाने का संकट न हो, इसके लिए अन्न दिया। छत्तीसगढ़ में इसमें भी घोटाला हो गया। आजादी के बाद कई दशक तक कांग्रेस की सरकार देश में रही, लेकिन गरीब के घर शौचालय नहीं बने, पानी की सुविधा नहीं पहुंची, गैस कनेक्शन की तो बात ही कहां थी। बैंक के दरवाजे तक गरीब नहीं जाता था। छत्तीसगढ़ में तो परिस्थितियों और भी गंभीर थी।

उन्होंने कहा कि मोदी को आपके स्वास्थ्य के इलाज पर होने वाले खर्च की भी उतनी ही चिंता है। बस्तर से ही मैंने आयुष्मान योजना, गांव गांव अच्छे अस्पताल बनाने का अभियान शुरू किया। हमने हेल्थ वैलनेस सेंटर नाम रखा था। लोगों ने काम देखा तो उसका नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रख दिया। अस्पताल में गरीब को पैसा न देना पड़े इसके लिए आयुष्मान योजना बनायी। छत्तीसगढ़ के 2 करोड़ से अधिक साथी इसके लाभार्थी हैं। भाजपा सरकार में हजारों जन औषधि केंद्र खुले हैं, ताकि गरीबों को सस्ती दवाएं मिल सकें। हमने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और बीमा योजना इसलिए बनायी, ताकि गरीबों को भी मुश्किल समय में मदद मिल सके। हमने अटल पेंशन योजना बनायी। 60 वर्ष की आयु के बाद के सभी गरीब सुरक्षित हैं। इसमें सबसे बड़े लाभार्थी हैं हमारे एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी को पूरा करने की गारंटी। कांग्रेस पर आक्रमण करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गंगा जी की कसम खा कर झूठी घोषणा करने का काम सिर्फ कांग्रेसी ही कर सकते हैं। हमने महिला आरक्षण दिया। कितने समय से लटका पड़ा था। हम समाज के उन वर्गों को भी पूछते हैं जिन्हें पहले कभी किसी ने नहीं पूछा। हमारे विश्वकर्मा साथी हर गांव में हैं। कुम्हार हों, लोहार हों, माला बनाने वाले मालाकार हों, खिलौने वाले हों, मूर्तिकार हों, टोकरी बनाने वाले हों, बांस के काम करने वाले हों, जूते बनाने वाले हों, पत्थर तोड़ने वाले हों, इन सब के छोटे-छोटे परिवार बिखरे पड़े थे। मोदी है तो उसे उनका दर्द भी पता चलता है। हमने ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बनायी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सबको सम्मान का जीवन मिले, यही भाजपा की नीति है। विकास से कोई वंचित नहीं रहेगा। देश के इतिहास में भाजपा ने पहली बार एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया, लेकिन कांग्रेस ने उनका भी विरोध किया। भला बुरा कहा। उनका अपमान किया। यह भाजपा के विरुद्ध नहीं था बल्कि एक आदिवासी बेटी के विरुद्ध था। छत्तीसगढ़ के हर आदिवासी को आदिवासी की बेटी का यह अपमान हमेशा याद रहना है और कांग्रेस को इसकी सजा देनी है। आदिवासी बेटी के अपमान का बदला लेना है। कांग्रेस की इसी मानसिकता के कारण आदिवासी समाज दशकों तक विकास से वंचित रहा। आदिवासी आरक्षण के मामले में कांग्रेस की नकारात्मक भूमिका आदिवासी समाज नहीं भूल सकता। महरा माहरा समाज को एससी का दर्जा देकर हमने उन्हें उनका हक दिया है। 12 समुदायों को अनुसूचित जाति जनजाति में शामिल कर उन्हें एससी एसटी का दर्जा देकर उनके भविष्य को संवारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। कांग्रेस ने ओबीसी को क्या दिया। सिर्फ धोखा और गाली। मुझे तक नहीं छोड़ा। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई मातृभाषा में होगी। इसका सबसे अधिक लाभ गरीब एससी एसटी ओबीसी माता की संतानों को ही होगा। कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए तिजोरी भर ली थी। उनकी तिजोरी खाली हो रही है तो जहां-जहां राज्य में उनकी सरकार है वहां के लोगों को लूट रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में लूट चलायी जा रही है। पांच साल यही किया है। छत्तीसगढ़ में कौन सा खेल चल रहा है। यहां के मुख्यमंत्री के बारे में कहा जाता है 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। ऐसी कांग्रेस सरकार को अब आपको बाहर का रास्ता दिखा देना है। कोयला हो, लोहा हो, यह अथाह संपदा यहां है लेकिन कांग्रेस ने कभी इसका लाभ जनता को नहीं मिलने दिया। जहां से जो खनिज निकलता है पहला हक वहां की जनता का हो। मोदी ने इसीलिए डिस्ट्रिक मिनिरल फंड बनाया। आपके हक के हजारों करोड़ों रुपए यहां की सरकार को भेजे। कांग्रेस के लोगों ने इस पैसे को भी लूट लिया। इससे केवल राज्य का नुकसान नहीं होता बल्कि हर परिवार का भी नुकसान होता है। कांग्रेस को गौ माता से इतनी नफरत है कि गौ माता के नाम पर भी घोटाले किये। केंद्र सरकार ने वेरिफिकेशन कराया तो तीन सौ में से ढाई सौ गोबर प्लांट फर्जी निकले। बंद पड़े हैं। यह कांग्रेस की सच्चाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शराबबंदी का वादा किया था लेकिन वादा पूरा करने की बजाय यहां शराब घोटाला कर दिया। इसमें भी फायदा कांग्रेस के नेताओं को हुआ। इसलिए हर दाई दीदी कह रही है अऊ नई सहिबो, बदल के रहिबो। छत्तीसगढ़ को लूटने वाला, युवाओं को धोखा देने वाला कितना भी ताकतवर हो, मोदी की गारंटी है कि जिसने छत्तीसगढ़ को लूटा है, उनको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों से एक लाख करोड़ का धान खरीदा है। कांग्रेस वाले झूठ बोलते हैं कि खरीदी उन्होंने की है। गरीब का पैसा किसानों का पैसा बैंक अकाउंट में जाये यह प्रबंध भी मोदी ने किया है। छत्तीसगढ़ के धान किसानों की खुशहाली की गारंटी भी मोदी की है। मेरे किसान मेरी गारंटी पर भरोसा करें। किसान सम्मान निधि के 2.60 लाख करोड़ भी मोदी सरकार ने दिए हैं। मोटे अनाज को बाजार में पहुंचाने का काम हमने किया है। भाजपा की सरकार बनेगी। मोटे अनाज की अच्छी कीमत आपको मिलने वाली है।

सभा को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भी संबोधित किया। कहा पूरा क्षेत्र धर्मांतरण की आग में झुलस रहा है। बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर खतरा मंडरा रहा है। यह विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ को बचाने का चुनाव हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °C | 18.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.11 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.55 बजे | |



### मुख्यमंत्री ने जेसोवा के पांच दिवसीय दीपावली मेले का किया उद्घाटन

# बेहतर और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए हर किसी को आगे आने की जरूरत : हेमंत

- जेसोवा के सामाजिक सरोकार और कार्यों से हर किसी को प्रेरणा लेने की जरूरत
- गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति हमें दिखानी होगी संवेदना
- दूसरों को नजर अंदाज करने की परिपाटी बदलनी होगी तभी बनेगा स्वस्थ समाज
- आपकी छोटी सी मदद एक जरूरतमंद के लिए काफी मायने हो सकती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जेसोवा सिर्फ एक संस्था नहीं है। इस संस्था का हमेशा से ही सामाजिक सरोकार रहा है। अपने गठन के वक्त से ही यह अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रही है। आज हर किसी को इस संस्था से प्रेरणा लेकर अपने सामाजिक सरोकार को निभाने के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को आर्मी मैदान, मोरहाबादी में झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के पांच दिवसीय दीपावली मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर सभी को आगामी पर्व-त्योहारों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

**जेसोवा मेला के हैं कई मायने :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा के द्वारा कई वर्षों से दीपावली मेले का आयोजन होता आ रहा है। दरअसल यह सिर्फ एक मेला नहीं है। इस मेला के कई मायने और कई आयाम हैं। मेले में जो राशि एकत्रित होगी, वह सामाजिक-आर्थिक रूप से गरीब और जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जायेगा। जेसोवा की इस सेवा भावना की जितनी प्रशंसा की जाये, वह कम होगी। आज के समय इस तरह का सेवा भाव अगर हर कोई अपना ले, तो एक बेहतर और स्वस्थ समाज का निर्माण हम कर सकेंगे।

**समाज की टूटी कड़ियों को जोड़ने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा की सदस्य जिस लगन और उत्साह के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, उससे समाज की टूटी कड़ियों को जोड़ने के मुहिम को बल मिल रहा है। अगर ऐसा ही प्रयास हर व्यक्ति करे, तो निश्चित तौर पर हम अपने समाज को बेहतर बना सकते हैं।

**दूसरों को नजरअंदाज करने की परिपाटी बदलनी होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों के पास वक्त की कमी है । वहीं समाज का ताना-बाना भी कुछ ऐसा हो चुका है कि आज आपके अगल- बगल में क्या हो रहा है, इसकी आपको जानकारी तक भी नहीं होती है। दूसरों को नजरअंदाज करने की यह परिपाटी समाज के लिए अच्छा नहीं है। हमें अपने रुख को बदलना होगा, ताकि लोग आपस में जुड़ें और जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आयें।



## गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति संवेदना दिखाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां बड़ी संख्या में गरीब हैं, जिन्हें सहयोग की जरूरत है। आज भी कई संस्थाएं हैं, जो निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रही हैं। ऐसे में हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि समाज के गरीब और जरूरतमंदों के प्रति संवेदना दिखायें और उनको मदद करें। मदद छोटी हो या बड़ी, यह मायने नहीं रखता है। आपकी कोई भी मदद किसी जरूरतमंद के लिए काफी मायने रखती है।

## जेसोवा ने इन्हें किया सहयोग

मुख्यमंत्री ने जेसोवा द्वारा गोद लिये गये मॉडल सिमराबाड़ी आंगनबाड़ी केंद्र, देवघर और मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र शहरकोल, पाकुड़ का ऑनलाइन उद्घाटन किया। जेसोवा के द्वारा इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। पेस्टोलॉजी चिल्ड्रेंस सोसाइटी ट्रस्ट, रांची को सोलर लैंप प्रदान किया गया और राइट टू किक ट्रस्ट के खिलाड़ियों को खेल सामग्री प्रदान की गयी। कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के संचालक बहादुर उरांव को सहायता के रूप में एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। फुटबॉल खिलाड़ी बसंती लकड़ा को फुटबॉल से संबंधित खेल सामग्री दी गयी। ओल्ड एज होम संचालित करने वाले उर्सलाइन कान्वेंट, हेसाग को सहायता राशि दी गयी। 20 संस्थाओं को सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन उपलब्ध करायी गयी।

**ये रहीं उपस्थित :** इस मौके पर जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, उपाध्यक्ष नमिता सिंह और प्रीति कुमार, सचिव मनु झा, सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी, रंजना कुमार समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# विकास विरोधी कांग्रेस सरकार को हटायें, भाजपा को जितायें : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुनकुरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार से छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार में जुट गये हैं। मरांडी ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णुदेव साय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता विकास विरोधी है। कांग्रेस को जनता की सेवा, गांव गरीब किसान की सेवा से कोई मतलब नहीं। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों के नाम पर वोट लेना जानती है। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 60 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने सत्ता संभाली, लेकिन अलग छत्तीसगढ़ राज्य अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हम केवल प्रत्याशी को वोट देकर अपना विधायक ही नहीं चुनते, बल्कि अपना भविष्य भी निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने दैनिक जीवन में उपयोग की वस्तु चाहे कपड़ा हो या अनाज हो या सब्जी ही क्यों नहीं, पूरी जांच परख कर लेते हैं, फिर अपना जन प्रतिनिधि हम सब क्यों ऐसे ही चुनें। हमें उसकी भी जांच करनी चाहिए। कौन जन प्रतिनिधि राज्य का, देश का और अपने क्षेत्र का समुचित विकास कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों का रिकॉर्ड विकास और केवल विकास है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी को जीता कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की मजबूत सरकार बनायें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी, गांव, गरीब, किसान को समर्पित योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा की सरकार प्रदेश में भी जरूरी है। कहा कि भाजपा तुष्टिकरण में नहीं, बल्कि सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरुण उरांव भी उपस्थित रहे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : एम-41-ओबीएचएस-19ट्रेन-एचटीई-32, दिनांक: 02.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** तीन साल की अवधि के लिए कोचिंग डिपो, हटिया की 19 अदद प्राथमिक ट्रेनों में ऑन बोर्ड सफाई एवं स्वच्छता सेवा प्रदान करना। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 16,30,87,246.65। **बयाना राशि :** ₹ 9,65,400/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 23.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-768)

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या : ईसीआर एस एण्ड टी–कान–डीएनआर–74/R.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/पूर्व मध्य रेल/दानापुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है : ई–निविदा संख्या : ईसीआर एस एण्ड टी–कान–डीएनआर–74/R.

1. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में गढ़वा रोड रेल ओवर रेल (आरओआर) परियोजना के निर्माण के संबंध में गढ़वा रोड स्टेशन पर संबंधित आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ–साथ मौजूदा ईआई (सीमेंस मेक) में संशोधिन। 2. अनुमानित लागत : ₹3,61,76,494.94, 3. अमानत राशि : ₹3,30,900/– (निविदा अमानत पर)। 4. निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य। 5. कार्य निस्पादित करने का समय : 06 महीना। 7. ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 24.11.2023 को 11:00 बजे तक।

विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/पूमरे/दानापुर

पीआर/001555/कॉन/सि./टी/23–24/36






P.R.310514(School Education and Literacy) 23-24
Department of School Education and Literacy, Government of Jharkhand

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# अबुआ वीर दिशोम अभियान देगा जरूरतमंदों को उनका वनाधिकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निदेश पर अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ 06 नवंबर 2023 से होगा। इसके तहत राज्य में पहली बार एक व्यापक अभियान के अंतर्गत आदिवासी और वनों पर निर्भर रहनेवाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जायेगा। ज्ञात हो कि माहात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने भाग लिया। जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ ली।

**अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का लक्ष्य :** अबुआ बीर दिशोम अभियान की शुरुआत 06 नवंबर को एक राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला से होगी। इसके तहत झारखंड राज्यांतर्गत सभी जिलों के उपायुक्तों और वन प्रमंडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही, ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति, अनुमंडल स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को अभियान के सफल निष्पादन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, इस निमित्त विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार को गति प्रदान की जायेगी।

## प्रथम चरण में दिसंबर तक अभियान

**वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए 03 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक ग्राम, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है। यह समिति वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियमानुसार अनुशंसा करेगी। साथ ही, अबुआ बीर दिशोम आभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबसाइट भी तैयार की गयी है, जिससे आदिवासी और वनों पर निर्भर रहनेवाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। वन अधिकार समिति द्वारा चिह्नित लोगों को सरकार द्वारा वन पट्टा मुहैया कराने हेतु अभियान प्रथम चरण में दिसंबर, 2023 तक संचालित किया जायेगा।**

# रिम्स के हॉस्टल से मिले शव की हुई शिनाख्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रिम्स के हॉस्टल नंबर पांच से गुरुवार को एक युवक का झुलसा हुआ शव मिला। शव की शिनाख्त डॉक्टर मदन कुमार के रूप में की गयी है। वह तमिलनाडु के मदुरै के रहनेवाले थे। फॉरेंसिक एंड मेडिसिन विभाग के सेकंड ईयर के छात्र थे।सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि घटना रिम्स के हॉस्टल नंबर पांच की है। जांच के दौरान हॉस्टल की छत से युवक के पैर के निशान मिले हैं। निशान को देखने से यह प्रतीत होता है कि आग लगने के बाद युवक हॉस्टल की छत से नीचे कूद गया है, जिसके बाद उसकी मौत हुई है। हॉस्टल की छत पर काफी मात्रा में मोबिल के अंश भी बरामद किये गये हैं। डीएसपी ने बताया कि पुलिस हत्या और खुदकुशी दोनों एंगल पर जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। उसने भी जांच के नमूने एकत्र किये हैं। डॉग स्क्वायड को भी बुला कर जांच करायी गयी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिवार में शुभ मांगलिक कार्य में सफलता मिलेगी, आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा।

**वृष** समाज में मान-सम्मान रहेगा, नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, आय के नये स्रोत प्राप्त होगा।

**मिथुन** बुद्धि-चतुरता से रोजगार-व्यापार की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी,वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।

**कन्या** नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।

**तुला** विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृश्चिक** स्वजन-मित्रों के पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी एसआइटी की एक्शन टेकेन रिपोर्ट

**धनबाद एसएसपी से भी मांगी लॉ एंड ऑर्डर की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वालों को तोड़े जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने भू माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा से संबंधित मामले राज्य सरकार द्वारा गठित एसआइटी की एक्शन टेकन रिपोर्ट सरकार से मांगी है।

कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि एसआइटी ने भूमाफियाओं के खिलाफ अब तक क्या-क्या कार्रवाई की है। मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने हाल के दिनों में धनबाद में लॉ एंड ऑर्डर की खराब स्थिति के मद्देनजर धनबाद एसएसपी से भी दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओ ने तोड़ दिया था. हालांकि वहां तैनात गार्डो ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया था। बताया गया था कि बाउंड्री वॉल तोड़कर वह लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे, बाद में पुलिस की देखरेख में बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।

# झारखंड जनहित याचिका नियम को दी गयी चुनौती, हाइकोर्ट में याचिका दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट में याचिका दायर कर झारखंड हाइकोर्ट जनहित याचिका नियम 2010 की पांच धाराओं को चुनौती दी गयी है। इस संबंध में प्रार्थी मंटू सोनी की ओर से याचिका दायर की गयी है। उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता को अपना वकील नियुक्त किया है। याचिका में झारखंड जनहित याचिका नियम 2010 की पांच धाराओं को असंवैधानिक बताया गया है। उन्होंने याचिका में कहा है कि हाइकोर्ट का जनहित याचिका नियम से संबंधित प्रावधान अस्पष्ट है, जिसकी वजह से संबंधित पक्षों को याचिका प्रभावित करने के लिए संवैधानिक मूल्य प्रभावित होते हैं। याचिका में झारखंड सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के सेक्रेट्री और झारखंड हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में मुख्य रूप से कहा गया है कि जनहित याचिका नियम 2010 की धारा 4, 5, 7 और 9 में उल्लेखित क्रिडेंसियल्स शब्द की स्पष्टता और व्याख्या अस्पष्ट है।

**झारखंड जनहित याचिका नियम 2010 की इन धाराओं को दी गयी है चुनौती :** याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका से संबंधित प्रावधान में यह स्पष्ट किया है कि जनहित याचिका के आवेदक को किन-किन बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी देनी है, लेकिन झारखंड हाइकोर्ट के जनहित याचिका नियम की धाराओं में अस्पष्टता है, जिससे आवेदकों में भ्रम की स्थिती उत्पन्न हो जाती है और संवैधानिक मूल अधिकार भी प्रभावित होते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिका नियमावली में आपराधिक विवरण देने का स्पष्ट निर्देश है

**झारखंड हाईकोट के जनहित याचिका नियम 2010 के धारा 5 में याचिकाकर्ता पर सिविल या क्रिमिनल मुकदमों का स्पष्ट रूप से विवरण देना अनिवार्य नहीं बताया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट की जनहित नियमावली में स्पष्ट किया गया है कि याचिकाकर्ता पर किसी भी नागरिक, आपराधिक या राजस्व मुकदमे से संबंधित विवरण, जिसका जनहित याचिका में शामिल मुद्दों के साथ कानूनी संबंध हो या आगे हो सकता ह। इसका विवरण देना स्पष्ट रूप से अनिवार्य किया गया है।**

# अमित और दिलीप की जमानत पर हाइकोर्ट में सुनवाई 8 को

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में दिलीप घोष की ओर से बहस की गयी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है, इसलिए जमानत प्रदान की जाये। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर निर्धारित की है। दरअसल, इडी कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। मामले को लेकर इडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

## मोबाइल चोरी के आरोप में नामकुम पुलिस ने दो को पकड़ा

**रांची (आजाद सिपाही)। नामकुम पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक नाबालिग के साथ मोहम्मद कैफ अंसारी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से घटना में इस्तेमाल स्कूटी के साथ लूटा गया मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किया है। मंगलवार को मगदली सोय का मोबाइल फोन कांटाटोली के कुरैशी नगर के रहनेवाले दो युवकों ने चोरी कर ली थी। इनके खिलाफ नामकुम थाना में मामला दर्ज करवाया गया था। गिरफ्तार दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।**

# महालक्ष्मी सुजुकी की पांचवी वर्षगांठ में उपहारों की बौछार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुजकी टू व्हीलर के प्रीमियम डीलर हरमू रोड स्थित महालक्ष्मी सुजुकी अपनी पांचवी वर्षगांठ धुमधाम से मना रही है । मौके पर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर अमित कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि सुजुकी ने पूरे विश्व में आधुनिक टेक्नॉलोजी के बदौलत टू व्हीलर के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है । संचालक देवराज कच्छप, अमित अग्रवाल, निखिल गोयल, निलेश गोयल,आशीष अग्रवाल ने कहा कि इन पांच वर्षो में रांची के हर वर्ग ने अपना भरपुर प्यार महालक्ष्मी सुजुकी को दिया है ।

मैनेजर राम कुमार ने बताया कि यंहा मात्र मात्र दस मिनट में ही 1001 रु के डाउनपेमेंट पर फाइनेंस और एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध है । वर्षगांठ के इस महीने पर प्रत्येक ग्राहक को निश्चित उपहार के साथ साथ लक्की ड्रा में सुजुकी के तरफ से 2 लाख रुपये तक की बाईक, अस्सी हजार तक के मोबाइल फोन, चालीस हजार का होम थिएटर के साथ साथ 5 ग्राम सोने का सिक्का दिया जा रहा है । साथ ही महालक्ष्मी सुजुकी के तरफ से हर गाड़ी की खरीद पर निश्चित उपहार चांदी का सिक्का और स्क्रैच करने पर टीवी, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, और अन्य उपहार भी दिये जा रहे है । ये उपहार योजना धनतेरस तक जारी रहेगी ।

# स्कूटी को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसी कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्कूटी को टक्कर मारने के बाद कार एक दुकान में घुस गयी। यह घटना अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पीपरटोली के पास हुई। गुरुवार को अनियंत्रित होकर एक स्विफ्ट कार संख्या जेएच- 01 ईएस 5859 एक स्कूटी को धक्का मारते हुए एक दुकान में जा घुसी। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, जबकि अन्य आठ लोगों को भी चोट आयी है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर अरगोड़ा थाना की पीसीआर गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक को कब्जे में लेते हुए गाड़ी जब्त कर ली है। फिलहाल सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

**चालक ने डर कर गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी :** स्थानीय लोगों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में आ रही थी। इस दौरान कार ने पहले स्कूटी को धक्का मारी। स्थानीय लोगों ने गाड़ी रोकने के लिए बोला, तो चालक ने डर कर गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद कार चालक ने अनियंत्रित होती हुई गाड़ी को एक दुकान में घुसा दिया। इस दौरान कार चालक ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को घायल कर दिया। फिर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# विकास विद्यालय ने कब्जा कर रखी थी गैर मजरुआ भूमि, अंचल ने नापी कर किया सीमांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेवरी पंचायत क्षेत्र स्थित विकास विद्यालय द्वारा कब्जा कर रखी गयी गैमजरुआ आम जमीन की नापी और सीमांकन कांके अंचल अधिकारियों द्वारा की गयी। अंचल अधिकारियों और कर्मचारियों ने जांच में पाया कि विकास विद्यालय द्वारा सड़क से 31 फीट से लेकर 55 फीट तक जमीन का अतिक्रमण किया गया है। विकास विद्यालय द्वारा अतिक्रमित भूमि का सीमांकन लाल चिह्न से अंचल अमीन द्वारा किया गया। जिस जमीन पर अंचल के अधिकारियों ने अतिक्रमण पाया, उसकी प्लाट संख्या 2020, 2021, 2022 और 2023 है। नापी के दौरान कांके पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह आजसू के रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, नेवरी पंचायत के मुखिया साधो उरांव, पंचायत समिति सदस्य मदन महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मां शक्ति काली पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पहली बार मेन रोड की मां शक्ति काली पूजा समिति द्वारा भव्य काली पूजा का शुभारंभ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत सूर्य नारायण दास त्यागी जी महाराज के तत्वावधान में होने जा रहा है। गुरुवार को भूमि पूजन मां काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक कुणाल आजमानी एवं अध्यक्ष श्यामानंद पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवी सिंह, राम सिंह, हिंदू जागरण मंच (युवा) प्रदेश संयोजक विक्रम शर्मा, जितेंद्र वैष्णव, दिलीप सोनी, बॉबी वर्मा, रोहित शुभम पांडे, बादल सिंह, नंदराज तिवारी, मनीष गुप्ता, आदित्य तिवारी, रोहित वर्मा, विवेक कुमार, राजेंद्र, सौरभ, अमन, सिद्धांत और सैकड़ों मां के भक्त मौजूद थे।

# कृष्णेंदु साहा ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में डार्विन डांस की सुंदर प्रस्तुति दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश के उभरते डार्विन डांस कलाकार कृष्णेंदु साहा ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में डार्विन डांस की सुंदर प्रस्तुति दी। आम तौर पर लोग इस नृत्य से अनजान से हैं। इस नृत्य की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें मानव सभ्यता के अलग-अलग कालखंडों के अनुसार मनुष्य के विकास और विनाश को, फिर पुनः नव जीवन के अंकुरण को, साथ ही प्रकृति की अनंत यात्रा में छुपे हुए दर्शन को बड़ी जीवंतता के साथ दर्शाया जाता है। इस नृत्य में आध्यात्मिकता का भी सुंदर दर्शन हम कर पाते हैं।

इस नृत्य के पूरे दर्शन को कृष्णेंदु साहा ने अपने नृत्य के माध्यम से साकार रूप से समझने और समझाने का अद्भुत प्रयास किया। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इस नवीन नृत्य कला को एंजॉय किया। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि ओ डी एम सफायर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल अमित सिंह ने कहा कि डार्विन नृत्य में मनुष्य के जीवन का पूरा दर्शन समाहित है। मुख्य अतिथि नन्हें कदम की निदेशक सुश्री विभा सिंह ने नृत्य कलाकार कृष्णेंदु साहा जी के आत्मविभोर कर देनेवाले नृत्य की भूरि-भूरि प्रसंशा की और कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नृत्य की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। विद्यालय के उप निदेशक अमन सिंह ने दोनों मुख्य अतिथियों को मोमेंटम देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कृष्णेंदु साहा को उनकी अप्रतिम कला के लिए अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

## बिरसा मुंडा के वंशज कान्हू मुंडा का रिम्स में हुआ इलाज



**रांची (आजाद सिपाही)। धरती आबा बिरसा मुंडा के वंशज कान्हू मुंडा का गुरुवार को रिम्स में आंख का इलाज किया गया। उनके भाई सुखराम मुंडा ने बताया कि खूंटी उपायुक्त के निर्देश पर कान्हू मुंडा को सदर अस्पताल से एंबुलेंस से बरियातू स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स के डाक्टरों ने उनकी आंख की जांच की। इलाज के बाद उन्हें वापस उलीहातू भेज दिया गया। कान्हू मुंडा आंख और पेट दर्द से परेशान हैं। इसकी जानकारी खूंटी उपायुक्त कार्यालय को दी गयी थी। उसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दोपहर में रिम्स लाया गया। मालूम हो कि कान्हू मुंडा पिछले छह महीने से बीमार चल रहे हैं।**

# काली पूजा को लेकर पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चड़री सरना समिति के प्रांगण में काली पूजा केआयोजन को लेकर पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। भूमि पूजन मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष सबलू मुंडा, विक्की मुंडा और सचिन लाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, पूजा समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा , अमित दास , राहुल सिंह, शंकर लिंडा, आनंद मुंडा, सागर भगत, रवि सिंह, चिंटू राय, लल्लू सिंह, जय वर्मा, विश्वास उरांव, अजीत नायक , सचिन सोनी, विकी सोनी, राहुल मुंडा ,मुन्ना उरांव ,विकी मुंडा ,नयन लिंडा, पनीर मुंडा , भीम मंडल , दीपू वर्मा, भोला केसरी, प्रेम लिंडा, संजू खलको, राहुल मुंडा, प्रकाश मुंडा और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



### सरला बिरला विश्वविद्यालय में कोल फील्ड इंडिया लि के संयोजन से सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, वक्ताओं ने कहा

# खुद के प्रति ईमानदार रहेंगे तभी देश के प्रति सोच पायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची ने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कोल फील्ड इंडिया लिमिटेड,रांची के संयोजन से किया। कार्यक्रम का आयोजन बीके बिरला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल रांची, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, डीन डॉ संदीप कुमार, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट संकाय, शशांक शरण, सीसीएल रांची द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, दीपवंदन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पंकज कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल रांची ने सर्वप्रथम छात्रों को स्वयं के प्रति ईमानदार होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर हम खुद के प्रति ईमानदार रहेंगे तभी देश के प्रति सोच पायेंगे। उन्होंने छात्रों को उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये नृत्य नाटक आदि को असल ज़िंदगी में भी स्वीकारने की सलाह दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि आज का युवा जागरूक है। उन्होंने मुख्य अतिथि पंकज कुमार, उनकी पूरी टीम का तहे दिल से शुक्रिया किया। उन्होंने छात्रों को पीसीआई इंडेक्स के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों से भ्रष्टाचार जैसी बुराई से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने सभी को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कॉमर्स एंड मैनेजमनेट संकाय के डीन डॉ संदीप कुमार ने सीसीएल रांची को इस संगठन के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ मैनिटीज एंड लिंग्विस्टिक्स एंड योगिक साइंस एंड नैचुरोपैथी एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स की डीन प्रॉफ नीलिमा पाठक ने उपस्थित सभी दर्शकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिज्ञा दिलायी। कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम में से नो टू करप्शन, कमिट टू नेशन की थीम पर रंगोली, पोस्टर पेंटिंग,डिबेट, इलोक्यूशन, ऐड कॉम्प, नृत्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक और नाटक जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## सड़क खुलने से डोरंडा वासियों के लिए भी वरदान साबित होगा: अलोक दूबे

**एक दशक से बंद पड़े सड़क खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर डोरंडा हाइकोर्ट के बगल वाली सड़क खोलने की मांग की है। सड़क बंद होने से लाखों लोगों के साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो रही हैं। डोरंडा काली पूजा में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ये सड़क अगर खुल जाती है तो आम जनता के लिए दीपावली का तोहफा एवं वरदान साबित होगा। एक दशक से बंद पड़े सड़क का खुलना डोरंडा वासियों के लिए भी वरदान साबित होगा। डोरंडा स्थित हाइकोर्ट बिल्डिंग से सटी हुई डोरंडा बाजार जाने वाली बंद सड़क को अविलम्ब खोलने के संदर्भ में आलोक दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अग्रह किया है। लाखों लोगों की रोजी, रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को देखते हुए इस रास्ते को अविलम्ब खोलने का अग्रह किया है। फिर से स्थिति सामान्य हो सके और सरकार के प्रति लोगों का विश्वास कायम हो सके।

## रांची-जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने की मांग

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने केंद्रीय रेल मंत्री को एक आवेदन दिया है। दीपावली और छठ के शुभ अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए रांची से जयनगर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन करने और अतिरिक्त कोच लगाने के लिए गुहार लगायी गयी है। साथ ही साथ रांची से एक रात्रि कालीन एक्स्प्रेस ट्रेन फारबिसगंज के लिए भाया सहरसा सुपौल होते हुए फारबिसगंज तक के लिए मांग की गयी है। गुरुवार को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रांची में रेल अधिकारियों से मुलाकात की। इसमें समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयत झा, मृत्युंजय झा, पवन सोनी, रामसेवक महतो और डॉ पंकज रॉय शामिल थे।

## डॉ संजीव कुमार शर्मा ने गंभीर बीमारी से अनजान महिला को छह दिन में स्वस्थ कर दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक 38 वर्षीय महिला मरीज का इलाज कर पारस अस्पताल ने फिर अपने विश्वास को आगे बढ़ाया है। जिस महिला मरीज की बात हो रही है वह पिछले लगभग 15 दिनों से चलने में तकलीफ के साथ-साथ चेहरे के एक तरफ के हिस्से में कोई संवेदना महसूस नहीं कर पा रही थी। पहले से ही मरीज के ब्रेन का ऑपरेशन किया गया था, जिसमें ब्रेन ट्यूबरकुलोसिस बताया गया था। उसके बाद महिला मरीज को उनके परिजनों ने रांची के पारस एचइसी अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग में इलाज के लिए भर्ती कराया। पारस एचइसी अस्पताल के ओपीडी में रोगी को डॉ संजीव कुमार शर्मा (सलाहकार न्यूरोलॉजी, पारस एचइसी अस्पताल) ने देखा। मरीज की जांच करने के बाद उन्होंने पाया कि मरीज को माइलिन ऑलिगोडेंड्रोसाइट ग्लाइकोप्रोटीन एंटीबॉडी रोग (जुक्सट्रैको में डिमाइलिनेटिंग घाव) है। डॉ संजीव कुमार शर्मा बताते हैं कि यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के ऑलिगोडेंड्रोसाइट के खिलाफ एंटीबॉडीज बन जाती हैं और यदि रोगी के पास ऑप्टिकस्पाइनल इन्वॉल्वमेंट नहीं है तो इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है। डॉ संजीव कुमार शर्मा ने मरीज को मात्र छह दिन के इलाज में ठीक कर दिया। मरीज को कुछ चिकित्सीय सलाह के साथ पारस एचइसी अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। पारस एचइसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में पारस एचइसी अस्पताल बेहतर प्रयास कर रहा है।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का अक्षत घर-घर पहुंचाया जायेगा: कैलाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की बैठक गुरुवार को शक्ति आश्रम प्रांत कार्यालय किशोरगंज हरमू में संपन्न हुई। यह बैठक कैलाश केसरी की अध्यक्षता में हुई। श्री केसरी ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या से अक्षत लाया जा रहा है। इसे घर-घर पहुंचाया जायेगा। सभी महानगर के लोगों को इस मंदिर के लिए आमंत्रण दिया जायेगा। 16 से 21 नवंबर तक धार्मिक अनुष्ठान का कार्यक्रम महानगर में किया जायेगा। मंदिरों में रामचरित मानस, हनुमान चालीसा के साथ महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में रांची महानगर के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में महर्षि वाल्मीकि जयंती, शौर्य जागरण यात्रा एवं आगामी कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी। बैठक में मुख्य रूप से रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत धर्म प्रसार परियोजना सहप्रमुख रेनू अग्रवाल, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, महानगर मंत्री चंद्रदीप दुबे, सहमंत्री विश्व रंजन, बजरंग दल महानगर सहसंयोजक दीपक साहू, पारस नाथ मिश्रा, अनूप कुमार, दीपक ठाकुर, पिंटू ठाकुर और अन्य लोग मौजूद थे।

### गिरिडीह जिला आपूर्ति कार्यालय में मोटिया मजदूर संघ की बैठक

## डीएसओ ने न्यूनतम मजदूरी देने की बात मानी



**रांची।** गिरिडीह जिला के जिला आपूर्ति कार्यालय में (एसएफसी) मोटिया मजदूर संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने की। खाद्य निगम के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें कई प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार भी उपस्थित हुए। यूनियन की ओर से डीएसओ को एक मेमोरेंडम दिया गया था, जिसमें मांग की गयी थी कि सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी सभी प्रखंडों में दी जाये। इस बैठक में डीएसओ ने यह बात मानी कि सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी मजदूरों को मिलनी चाहिए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आप लोगों को न्यूनतम मजदूरी के अलावे जो भी मूलभूत सुविधा होगी, वह मैं उपलब्ध कराऊंगा। साथ में प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक मजदूर को एक ड्रेस कोड दिया जायेगा, जिसमें गोदाम का नाम और (एसएफसी)अंकित किया रहेगा। इस बैठक में डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदारों द्वारा रिक्वेस्ट किया गया कि अगली बैठक का एक समय सुनिश्चित किया जाये, जिसमें सभी डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार उपस्थित होंगे। अगली बैठक छठ पर्व के पश्चात होगी। यूनियन ने डीएसओ के प्रति आभार जताया।

## महालक्ष्मी सुजुकी की पांचवीं वर्षगांठ में उपहारों की बौछार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुजकी टू व्हीलर के प्रीमियम डीलर हरमू रोड स्थित महालक्ष्मी सुजुकी अपनी पांचवीं वर्षगांठ धूमधाम से मना रही है। इस मौके पर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर अमित कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि सुजुकी ने पूरे विश्व में आधुनिक टेक्नॉलोजी की बदौलत टू व्हीलर के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। संचालक देवराज कच्छप, अमित अग्रवाल, निखिल गोयल, निलेश गोयल, आशीष अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षो में रांची के हर वर्ग ने महालक्ष्मी सुजुकी को अपना भरपूर प्यार दिया है। मैनेजर राम कुमार ने बताया कि यहां मात्र दस मिनट में ही 1001 रुपये के डाउनपेमेंट पर फाइनेंस और एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध है। वर्षगांठ के इस महीने पर प्रत्येक ग्राहक को निश्चित उपहार के साथ साथ लक्की ड्रा में सुजुकी की तरफ से दो लाख रुपये तक की बाइक, अस्सी हजार तक के मोबाइल फोन, चालीस हजार का होम थिएटर के साथ साथ 5 ग्राम सोने का सिक्का दिया जा रहा है। साथ ही महालक्ष्मी सुजुकी की तरफ से हर गाड़ी की खरीद पर निश्चित उपहार चांदी का सिक्का एवं स्क्रैच करने पर टीवी, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर एवं अन्य उपहार भी दिये जा रहे है। ये उपहार योजना धनतेरस तक जारी रहेगी।

## अनुसूचित जाति समाज अमर बाउरी के साथ: समन्वय समिति

**राज्य सरकार एसीबी जांच के नाम पर अमर कुमार बाउरी की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जाति सामान्य समिति, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा, संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा, पासवान कल्याण समिति और अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रमुख लोगों की बैठक हुई। बैठक कांके रोड रांची में समन्वय समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें अनुसूचित जाति समाज के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, और आर्थिक क्षेत्र में समाज के बारे में चिंतन करने वाले लोगों को समर्थन करने का निर्णय लिया गया।

प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज से उभरते हुए मुखर नेता अमर कुमार बाउरी को राज्य सरकार एसीबी जांच के नाम पर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उनके बढ़ते हुए कद एवं सदन में मुखर आवाज से सरकार घबरा रही है। उपेंद्र रजक, रामलगन राम, जयप्रकाश कुमार, संतोष रवि, प्रदीप भुइयां, करण नायक ने कहा कि समाज अमर कुमार बाउरी के साथ है। राज्य सरकार चाहे जो भी जांच कर ले या जो भी प्रयास कर ले, अमर कुमार बाउरी के पास कुछ नहीं मिलेगा। उनकी साफ सुथरी छवि और मुखर आवाज को दबाने और बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर युवराज पासवान, जगदीश, दास सत्येंद्र, जीवन राम, अजय राम, राजेश रजक, संजीत पासवान, छोटू पासवान, विजय राम, अजय पवार, संदीप राम, सुरेंद्र पासवान, संजय नायक, राजेंद्र नायक, संजीत वाउरी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## यूजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा के समय में बदलाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** परीक्षा नियंत्रक, डीएसपीएमयू आशीष गुप्ता ने यूजी सेमेस्टर-4 की चल रही अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के समय में बदलाव की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिकूल मौसम के कारण, दिन छोटे होते जा रहे हैं और रात लंबी। जिस कारण अधिकांश छात्र जो दूर-दराज से आते हैं विशेष रूप से महिला छात्रों को काफी समस्या होती है। उनकी समस्या को देखते हुए परीक्षा के समय में बदलाव किया गया है जो 03-11-2023 से प्रभावी होगा।

* सुबह की पाली- सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
* शाम की पाली: दोपहर 01:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक

## झामुमो कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 17 को, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 दिसंबर को रांची जिला कार्यकर्ता सम्मेलन किया जायेगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शामिल होंगे। बैठक में सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। दिसंबर तक दो लाख सदस्य बनाया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रांची जिला समिति रांची लोकसभा के साथ चार विधानसभा से चुनाव लड़ने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, केंद्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पूर्व केंद्रीय सदस्य अंतू तिर्की, रामशरण विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दीवाली मेला में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपना स्टॉल लगाया




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के मोरहाबादी स्थित मैदान में गुरुवार को दीवाली मेला का आयोजन किया गया। इसमें समेकित बाल विकास परियोजना रांची सदर से आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपना स्टॉल लगाया। इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान और सब्जियों की प्रदर्शनी लगा कर मेले में आये लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। यहां पोषण और आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलनेवाले लाभ से संबंधित पोस्टर भी लगाया गया है। जन जागरूकता लाने के लिए स्टॉल में आनेवाले लोगों को बताया गया कि बच्चो के स्वास्थ्य की देखभाल, स्तनपान और बेहतर देखभाल से माता के द्वारा सही पोषाहार दिया जाना कितना आवश्यक है। इस आयोजन में मुख्य रूप से रांची सदर की पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी दास, सेविका खुशबू, परवीन, आंजली, नाजमा खातून, फरिदा खातून, रौशन आरा, खुशनुमा, रुमा, बबीता, अनिता, मारिया, सुनिता, मारिया बाड़ा, सरिता कुजूर सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थीं।

## सर अली इमाम को सरकार ने भुला दिया: एस अली

**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी एस अली ने कहा कि सर अली इमाम को सरकार ने भुला दिया। सर अली इमाम को ब्रिटिश सरकार ने 1910 में बंगाल विधान परिषद का सदस्य बनाया। सर अली इमाम के लगातार प्रयास के बाद वर्ष 1912 में बंगाल से अलग बिहार राज्य का स्थापना हुई। वह बिहार के साथ अलग झारखंड के भी पक्षधर थे। राष्ट्र संघ की पहली 1912 की असेंबली में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1913 ब्रिटिश सरकार के वक्फ बिल में सुधार कर पास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। वह वर्ष 1917 से लंबे समय तक पटना हाइकोर्ट के जज भी रहे।

1920 हैदराबाद के निजाम के प्रधानमंत्री रहे। ब्रिटिश सरकार ने सर अली इमाम के दिये प्रस्ताव के बाद 30 अक्टूबर 1931 को भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली को बनाया। सर अली इमाम का रांची से काफी लगाव रहा उन्होंने रांची के कोकर में लाल ईंट का विशाल कोठी अपनी पत्नी अनीश इमाम के नाम पर बनाया, जिसे अनीस कैसल (इमाम कोठी) कहा जाता है। सर अली इमाम का निधन 31 अक्टूबर 1932 को रांची में हुआ था। सरकार को उनकी बरसी भी याद नहीं रही।

## बिहार राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने की मुलाकात



**रांची (आजाद सिपाही)।** बिहार राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज पटना में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार राज्य में चल रहे निर्माण परियोजनाओं से जुड़े जमीन अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की और आगामी छठ पर्व की तैयारियों के बारे में जानकारी दीं। इसके साथ ही बिहार राज्य के पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी से भी महाप्रबंधक महोदय ने पटना में औपचारिक मुलाकात की और रेल सुरक्षा से संबंधित कुछ पारस्परिक बिंदुओं और फेस्टिवल के दौरान ट्रेनों और स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट पर चर्चा की।

## जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य झारखंड की रोपनी कुमारी को मिला रेलवे में नौकरी का ऑफर

**रांची (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची ने नयी हॉकी खिलाड़ी और जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य झारखंड की रोपनी कुमारी को अपने यहां नौकरी का ऑफर दिया है। रोपनी अभी जूनियर वर्ल्ड कप के लिए बेंगलुरु में चल रहे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में शामिल है। हॉकी झारखंड के मनोज कोनबेगी ने इसे प्रशंसनीय बताया है और कहा कि यह किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। किसी बड़ी प्रतियोगिता हॉकी कैंप से पहले इस तरह का ऑफर आने से खिलाड़ी को अपने भविष्य के लिए निश्चितता दिखती है। काफी मनोबल बढ़ता है। इसका जरूर लाभ मिलेगा। इसके लिए वह हॉकी झारखंड की ओर से रांची रेलवे के डीआरएम और अन्य पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। विगत चार-पांच वर्षों में झारखंड के आधा दर्जन से अधिक महिला हॉकी खिलाड़ियों को रांची रेलवे की ओर से नौकरी दी गयी है।

# मैसेज ने किया अलर्ट जांच में न हो ढिलाई

देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं को उनका आइफोन हैक करने के प्रयासों से जुड़ा अलर्ट मैसेज मिलने के बाद जिस तरह का हंगामा मचा, वह अस्वाभाविक नहीं है। चूंकि मैसेज में सरकार प्रायोजित हमलावरों का जिक्र था, इसलिए मामला ज्यादा गंभीर माना गया। जब भी किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का ऐसा मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार से जवाब-तलब किया जाने लगता है। हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आइफोन पर एपल की ओर से भेजे गये ये मैसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मैसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार नहीं कही जा सकतीं। उनका सवाल है कि अगर ये अलर्ट मैसेज फॉल्स अलार्म का हिस्सा हैं, तो ऐसा कैसे हुआ कि सारे के सारे मैसेज विपक्षी दलों के नेताओं (और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों) के ही फोन पर आये। दो साल पहले सामने आये पेगासस केस से जुड़ी यादों ने भी आशंकाओं को मजबूती देने का काम किया। हालांकि उस केस में सरकार के खिलाफ कुछ साबित नहीं हुआ है।

**ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा, तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के कुछ नेताओं ने इन आरोपों को लेकर जिस तरह से विपक्ष को ही घेरना शुरू किया, उसे जिम्मेदार और तर्कसंगत रवैया नहीं कहा जायेगा।**

ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा, तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के कुछ नेताओं ने इन आरोपों को लेकर जिस तरह से विपक्ष को ही घेरना शुरू किया, उसे जिम्मेदार और तर्कसंगत रवैया नहीं कहा जायेगा। यह सत्तारूढ़ पक्ष के लिए खास मददगार भी नहीं है। ध्यान रहे, यह कोई ऐसा मामला नहीं है, जो विपक्षी दलों के इन नेताओं का निकाला हुआ हो। अलर्ट मैसेज एक फोन निर्माता कंपनी की तरफ से आये, जिसे सार्वजनिक करके सरकार के संज्ञान में लाना उनका काम था। अच्छी बात इस मामले में यह रही कि सरकार इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लेती दिख रही है। न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिये गये हैं, बल्कि आइफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने की बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की प्राइवेसी से जुड़ा मामला है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को भी बाधित कर सकता है। इसलिए इसमें किसी तरह के ढीले-ढाले या लापरवाही भरे रवैये की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?**

# भयावह होते सड़क हादसों के आंकड़े

ललित



**सड़क** हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की डरावनी, चिंताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आयी है। इसके मुताबिक पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवायी। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिंता का बड़ा सबब हैं। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। एक्सप्रेस-वे, हाइवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है, लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवायी, क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।

**ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है।**

यह विडंबनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है, जो कई जिंदगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना। यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4.61 लाख से अधिक सड़क हादसे हुए, जिनमें से करीब 1.52 लाख, यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1.06 लाख, यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2.02 लाख, यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गयी, जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे, जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही।

सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिये जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए, वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में 12 लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौतें होती हैं। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त और प्रभावी नहीं है। पुलिस 'व्यक्ति' की सुरक्षा में तैनात रहती है, 'जनता' की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमाह सड़कों पर नये आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलने वाली 'रेड लाइनें' बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है, पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है, पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है।

नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति अवरोधक हटा रही है। लगता है सड़कों पर भी गति अवरोध हटा रही है। कोई चाहिए, जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके। 1988 में बने मोटर वाहन अधिनियम का व्यावहारिकता से परे होना भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। पिछले तीन दशकों में सड़क परिवहन में आये बदलाव के अनुरूप मोटर अधिनियम में व्यापक बदलाव की दरकार है। अगर सरकार नये वाहनों को लाइसेंस देना बंद नहीं कर सकती, तो कम से कम राजमार्गों पर हर 40-50 किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर तो खोल ही सकती है, ताकि इन हादसों के शिकार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके। तेजी से बढ़ता हादसों एवं लापरवाही का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रांत या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रही मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किंतु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाये।

## जमशेदपुर की खबरें

### स्वर्गीय आशीष डे को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची श्रीलेदर्स और होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में स्वर्गीय आशीष डे का पुण्यतिथि मनाया गया। गुरुवार को परिवार के सदस्य और दोनों संस्थानों के कर्मचारीगण स्वर्गीय आशीष डे के चित्र के समक्ष पुष्प भेट कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही उनके द्वारा दिखाय गये रस्ते पर चलकर किये गये सामाजिक कार्यों को नम आंखों से याद किया। इस अवसर के मौके पर मौजुत सभी ने संस्थानों के द्वारा किये जाने वाले सामाजिक दायित्वों को निर्वहन करने का शपथ ग्रहण किया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय आशीष डे स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे के सबसे छोटे और तृतीय पुत्र रहे। उन्होंने अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे के दूरगामी और निस्वार्थ सोच को अपने जीवन में यथार्थ किया, जिसके बदौलत उन्होंने हजारों परिवार को रोजगार से जोड़ने का काम किया। साथ ही करोड़ों भारतवासीयों को एक उचित मूल्य में बेहतर उत्पाद उपलब्ध कराने का काम किया है। उनके पिता का सपना और संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों के पैर में एक गुणवत्ता वाले उत्पाद और किफायती दाम पर चप्पल उपलब्ध हो। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे व स्वर्गीय आशीष डे के सोच को आज श्रीलेदर्स परिवार संयुक्त रूप से आगे बड़ाने का काम कर रही है। आज भी स्वर्गीय आशीष डे के सरल स्वभाव और जरूरतमंदों की मदत के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले के नाम से लोगो के बीच यादगार स्वरूप है। इस अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मियों सहित उनके परिवार के सदस्यों ने उक्त परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश और समाज के हित में कार्य करने का प्रण लिया।

### हेमंत सरकार में फुलो झानो आशीर्वाद योजना ने जीवन को दी नयी राह

# महिला ने हड़िया-दारू बेचना छोड़ अपनाया सम्मानजनक रोजगार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड अंतर्गत काशीदा पंचायत के चेंगजोड़ा गांव में रहने वाली कौशल्या कर्माकर इन दिनों सम्मानजनक रोजगार से काफी संतुष्ट है। उन्होंने राज्य में हेमंत सरकार के फुलो झानो आशीर्वाद योजना अपनाकर नयी दिशा की ओर अग्रसर है। महिला ने जीवन की चुनौतियों से मुकाबला कर जीत हासिल करने की प्रेरणा देती है। पति की मृत्यु के बाद आर्थिक समस्याओं को देखते हुए इन्होने हड़िया दारू बेचना जरूर शुरू किया, लेकिन अपने बच्चों के भविष्य पर इसका बुरा असर नहीं पड़े इसे देखते हुए व्यवसाय को छोड़ने में भी देर नहीं की। महिला ने इसका श्रेय हेमंत सरकार की फुलो झानो आशीर्वाद योजना को देती हैं। कौशल्या कर्माकर ने बताया पारिवारिक चुनौतियों से लड़ते हुए हेमंत सरकार की योजना को अपनाया। उन्होंने कहा फुलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ लेते हुए जेनरल स्टोर खोलकर घरेलू सामान, सब्जियां और फास्ट फूड बेचकर अच्छी जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन्होंने बताया फूलो झानो आशीर्वाद योजना से 10 हजार की सहायता राशि मिली। यह सहायता उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाई। अब वे हड़िया दारू बेचने का काम छोड़ दी। आज वे अपने परिवार के साथ सुख से जीवन बिता रही है। इससे प्रतीत होता है विश्वास और संघर्ष से जीवन के किसी भी विपरीत परिस्थिति में बदलाव लाया जा सकता है। बशर्ते हम दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़े। वैसे झारखंड में हेमंत सरकार के द्वारा संचालित फुलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले में अबतक 1527 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। हेमंत सरकार के दिशा निर्देश पर हड़िया दारू के रोजगार से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने अभियान जारी है।

### 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर हथिनी की मौत



**चाकुलिया(आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड मे 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से एक हथिनी बुरी तरह घयाल हो गयी। गुरुवार को हथनी की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी ने वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के साथ चाकुलिया प्रखंड के ज्वालभांगा गांव पहुची। जहां बहरागोड़ा के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह और चाकुलिया के प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार महंता ने हथिनी के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान हथिनी के दोनों दांत को वन विभाग ने कटवा कर सुरक्षित रख लिया। उसके बाद वन विभाग ने शव को दफन करवा दिया। इससे पूर्व डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने मृत हथिनी के शरीर पर पुष्प अर्पित कर दफनाये हुए जगह पर पूजा अर्चना की। मौके पर पीपल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने कहा कि चाकुलिया हाथियों का प्रभावित इलाका है। कई जगहों पर विद्युत विभाग की लापरवाही से बिजली के तार झुलती रहती है, जिससे हाथियों को खतरा बनी रहती है। उन्होंने बताया हथिनी की मौत 11 हजार वोल्ट के तार लगने से होने की बात सामने आ रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जानकारी सामने आयेगी। उन्होंने कहा जांच के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

### पंकज मेमोरियल 60 प्लस मास्टर्स क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही )।** बिष्टुपुर जीआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में पंकज मेमोरियल 60 प्लस मास्टर्स क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। गुरुवार को मुख्य अतिथि टाटा मोटर्स के हेड एडमिन व सिक्योरिटी विवेका सिंह के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर व साल 1983 में विश्व कप चैंपियन भारतीय टीम के सदस्य कीर्ति आजाद को सम्मानित किया। पहले दिन 60 हीरोज एवं 60 स्ट्रेंजर्स की टीम ने आसान जीत हासिल कर पूरे अंक प्राप्त की। कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में 60 हीरोज ने पहले खेलते हुए 39.5 ओवर में 255 रन बनाए। जिसमें संजय बेरी ने 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावे सुभाष चटर्जी ने 53, अविनाश कुमार ने 14 एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कीर्ति आजाद ने 15 रन बनाए। 60 जेंट्स की ओर से ए दुदुस्कर ने दो विकेट लिए। जवाब में 60 जेंट्स की टीम 206 रन ही बना सकी। जिसमे विद्याधर ने 68,

बेंजामिन ने 63 और नरेश शेनोए ने 17 रन बनाए। 60 हीरोज की ओर से अविनाश कुमार एवं प्रदीप ने तीन-तीन विकेट लिए। वही 60 स्ट्रेंजर्स ने 60 रॉयल्स को 85 रनों से हराया। उधर टाटा मोटर्स मैदान में खेले गए मैच में 60 स्ट्रेंजर्स ने 60 रॉयल्स को 85 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 स्ट्रेंजर्स की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट व 226 रन बनाए। 27 रन बनाए। 60 स्ट्रेंजर्स की ओर से नीलकंठ ने 15 रन देकर चार,सेम डेविड ने 13 रन देकर दो और संजय रंजन ने 31 रन देकर दो विकेट लिए।

# विधायक ने नगर परिषद और बिजली की समस्याओं को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जुगसलाई नगर परिषद और बिजली की समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक मंगल कालिंदी से शिकायत की। गुरुवार को विधायक ने जनता की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी के साथ टाटा पिगमेंट गेट के समीप ब्रिज के निचे जर्जर सडक का जायजा लिया। मौके पर स्लैग की वजह से जगह जगह हो रही गड्ढे को देख विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही विशेष पदाधिकारी को जेसीबी लगाकर स्लैग साफ करवाने का निर्देश दिया। ताकि सडक से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सके। मौके पर विधायक ने नगर परिषद कार्यालय पहुंच कर विकास कार्य और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। जल्द से समस्याओं का निदान के लिए



निर्देश दिया। वही गौशाला चौक पहुंच कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर हाल चाल जाना। उधर नगर परिषद क्षेत्र में बिजली की समस्याओं के लिए विभाग के जीएम से मुलाकात की। वही विधायक ने समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द समाधान की बात कही। इस अवसर पर मानिक मल्लिक, मनोहर हुसैन,मुकेश शर्मा,शामू मालिक, प्रेम तिवारी, रंजन पांडेय, मोनू तिवारी, दिनेश जायसवाल, शमशेर आलम,रूबल सिंह सहित झामुमो के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द में पत्थरबाजी की घटना के बाद

# आरोपियों के घर में लटका है ताला, गांव में पसरा सन्नाटा

**पुलिस लगातार कर रही है आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी**

**रवि कुमार मेहता**



**रमना (गढ़वा)।** गढ़वा जिला के रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द में एक दिन पूर्व पुलिस प्रशासन के ग्रामीणों के द्वारा झड़प किये जाने के बाद पुलिस ने 47 नामजद व सौ से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए लगातार छापेमारी कर रही है। इधर आरोपित घरों के लोग अपने घर छोड़कर फरार है वही घरों पर ताला लटका हुआ है। वहीं बहियार खुर्द में अन्य ग्रामीण लोग सहमे हुए हैं। गुरुवार को गांव में अजीब सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस के संभावित कार्यवाई के डर से कोई भी सदस्य घर मे नही है। आस-पास के लोग भी कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं।

**प्रेमनाथ उरांव के घर के लोगों ने बतायी विवाद की बात**

जमीन विवाद में कोर्ट से मिले डिग्री के बाद भी प्रेमनाथ उरांव के घरवालों में खौफ है। घरवालों ने कहा कि विपक्षी लोग जब पुलिस पर हमला कर सकते हैं तो हमलोग के साथ भी कोई घटना को अंजाम दे सकते है। प्रेमनाथ उराव ने बताया कि रामदेनी उराव के साथ जमीन विवाद 1996 से चल रहा था। कोर्ट से हमलोगों के पक्ष में फैसला आने के बाद भी वे जमीन से कब्जा छोड़ना नही चाहते हैं। हमेशा मारपीट करने की धमकी देते हैं। वहीं घर की बेटी ने बताया कि पहले भी हमेशा ये लोग जान से मारने की धमकी देते थे। ये भी बताया कि घर मे आग लगाने की कई बार धमकी दे चुके है। हमलोग डरे हुए हैं। मालूम है की वादी प्रेमनाथ उरांव व रामदेनी उरांव सहित अन्य के साथ वर्ष 1996से भूमि का विवाद चल रहा था। जिसके बाद प्रेमनाथ उरांव को कोर्ट के द्वारा जायज ठहराते हुए डिग्री दे दी गयी। साथ ही अनुमंडल दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की को भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्ति की गयी थी। दखल कब्जा कराने को लेकर दंडाधिकारी अपने दलबल के साथ पहुंचे थे। लेकिन प्रतिवादी रामदेनी उरांव के पक्ष से हरिहर उरांव, सुरेश उरांव, संजय उरांव, लालदेव, रामेश्वर उरांव, राजमोहन उरांव, छोटू, राममोहन, राजेश्वर उरांव व केश्वर आदि द्वारा विवाद खड़ा करते हुए पुलिस के साथ झड़प शुरू कर दी और स्थिति गंभीर हो गयी।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने चलाया छठ महापर्व को लेकर स्वच्छता अभियान



**मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों का कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने निरीक्षण किया। तत्पश्चात लोक आस्था के छठ महापर्व के पावन अवसर पर पवित्रता तथा शुद्धता का मध्य नजर रखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी छठ घाटों को साफ सुथरा और स्वच्छ करने के लिए स्वच्छता महा अभियान चलाया। जिसको लेकर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार और स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने अपने आप को समर्पित करते हुए जीतोड़ मेहनत किया। वही नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों को जेसीबी के द्वारा समतलीकरण कराया। वहीं कर पालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि समुचित साफ सफाई और मरम्मती, पेयजल और लाइट की व्यवस्था किया जायेगा। मौके पर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नगर प्रबंधक अनूप तिवारी, नजीर अमित कुमार पाठक तथा कई नगर पंचायत के कर्मी उपस्थित थे।**

# गढ़वा में विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है: सांसद विष्णु दयाल राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पथ निर्माण विभाग के द्वारा पथ निर्माण से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा केतार से कांडी पथ में धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जिसकी 785.87 लाख (सात करोड़ पचासी लाख सत्तासी हजार रुपये) होगी और इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। सांसद ने बताया कि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। जिसमें तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 23.42 किलोमीटर पथ की स्वीकृति प्राप्त हो चकी है। इस पर कुल 1070.64 लाख की लागत आयेगी। दूसरा चैनपुर-रमकंडा 13.72 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रस्तावित स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और निविदा का विस्तार हो चुका है। इस पर कुल 925.79 लाख की लागत आयेगी। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इसी क्रम में निम्नांकित योजनाओं विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं, के प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिसमे नगर उंटारी एनएच-75 से गरबांध होते हुए रोहनीय पीडब्लूडी तक 15.74 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 6152.42 लाख। दूसरा नगर उंटारी-भवनाथपुर-खरौंधी-डाला तक 37.31 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 1609.97 लाख। और भवनाथपुर-पांचाडुमर 17.50 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 1335.74 लाख तथा रमना बाजार से सिल्लीदाग होते हुए घुरकी तक 26.65 किलोमीटर पथ का निर्माण लिसका लागत 11368.00 लाख। से किया जाना है। सांसद ने बताया कि शेष निम्न योजनायें वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं जिन्हे शीघ्र पूर्ण कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिनमें चिनियां-रनपुरा-खुटवा मोड तक 32.93 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 2192.50 लाख। प्रक्रियाधीन है। वहीं भंडरिया-तेहरी भाया बरगर तक 25.90 किलोमीटर पथ का निर्माण जिसका लागत 1809.11 लाख प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 08 पथों (लंबाई-193.17 किलोमीटर ) और घोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण होगा। इन पथों के निर्माण से निश्चित रूप से जनता को आवागमन अत्यधिक सरल और सुलभ होगा।

# डाक घरों को बनाया जा रहा हाइटेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** डाक घरों को हाईटेक बनाया जा रहा है ताकि ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके। उक्त बातें डाक अधीक्षक पलामू प्रेमजीत कुमार ने रमना उपडाकघर के नये भवन में शिफ्ट होने के अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इसके पूर्व उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण और पूजाअर्चना कर नये भवन में डाकघर के संचालन की शुरूआत की। डाक अधीक्षक ने कहा कि अब नए स्वरूप में डाक घर नजर आयेगा। जल्द ही आधार पंजीकरण केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधाएं भी डाकघर में उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने डाक घर के मानक के अनुरूप भवन बनाकर देने के लिए मकान मालिक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। डाक अधीक्षक ने कुछ वर्ष पूर्व डाक घर में हुई गड़बड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अतीत को भूलकर नये भवन में नये तेवर के साथ काम किया जायेगा, ताकि जनता के विश्वास को फिर से जीता जा सके। उन्होंने कहा कि यहां के सभी कर्मी काफी ऊर्जावान है। इनके मेहनत और लोगो के सहयोग से जल्द ही रमना एक आदर्श डाकघर बनेगा। कार्यक्रम को डाक निरीक्षक नगर उंटारी आशीष पांडेय, डाक निरीक्षक हुसैनाबाद सुमन कुमार समानता, ओवरसियर एसके सिन्हा, रविरंजन पांडेय, निर्माल कुमार और उस्मान मिया ने सम्बोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन उप डाकपाल रामु गुप्ता ने किया। जबकि मौके पर सहायक उप डाक पाल सुरेंद्र सोरेन, बीपीएम गोपाल राम, रामप्रीत प्रजापति, मनोज सिंह, निक्की, मुन्ना सिंह, दिलीप, राजबैठा, पंकज सहित कई लोग मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के भाजपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी जिला गढ़वा के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में सभी प्रखंड के पंचायत और सभी गांव के हर घर से मिट्टी एकत्रित करके भाजपा के प्रखंड और जिला के सभी कार्यकर्ता नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कलश लेकर गये। एकत्रित विधि से कर्तव्य वाटिका में वृक्ष लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता दिन-रात एक करके पूरे प्रदेश में गढ़वा जिला का सम्मान को बढ़ाया। साथ ही गढ़वा जिला से मेरी माटी मेरा देश कलश लेकर दिल्ली तक पहुंचाया। कार्यक्रम बहुत ही सफल गढ़वा जिला का रहा इसके लिए दिल्ली जाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को हृदय से आभार किया। और देश में पुनः भारतीय जनता पार्टी का सरकार आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बने इसका संकल्प लिया।

आने वाले समय में देश सबसे विकसित राष्ट्र हो मोदी जी ने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। साथी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में देशभर से लाखों कार्यकर्ता के बीच में जिस तरह ऊर्जा का संचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भरा इससे कार्यकर्ताओं के अंदर नया जोश और नयी उमंग और राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण का भाव कार्यकर्ताओं में देखा गया। इसमें गढ़वा जिला से गये सभी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी कार्यकर्ताओं ने गढ़वा जिला में कमल फूल खिलने का संकल्प लिया।

# भाजपाइयों ने विधायक भानु का 46वां जन्मदिन मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशुनपुरा।** प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही के 46वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्त्ताओं ने पुरे हर्षोउल्लास के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन। राम उदय सिंह के द्वारा जन्म दिन के शुभ अवसर काटा गया केक भाजपा के सभी कार्यकर्त्ताओं ने एक-दूसरे को केक और मिठाई खिला कर मनाया जन्मदिन। मौके पर सभी लोगों ने विधायक भानु प्रताप शाही के जन्मदिन पर ढेर सारा बधाइयां दी। बधाई देने वाले विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह मंडल महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मंडल सह संयोजक लक्ष्मण पासवान, मंटू, मिडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रवण चौरसिया, पंचायत अध्यक्ष रामलखन मेहता, अनिरुद्ध मेहता, उदय, शंभूनाथ, सुरेंद्र, मुकेश, राजेंद्र, अनिरुद्ध, आशर्फी, जगजीत, मनोज, उमाकांत, विनायक, अजय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय खूब बहा रहे पसीना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा और छत्तीसगढ़ राज्य के नारायणपुर विधानसभा चुनाव के प्रभारी अलखनाथ पांडेय ने नारायणपुर विधानसभा के भानपुरी मंडल कार्यालय में बस्तर जिलाध्यक्ष रुप सिंह मडांवी, कार्यालय प्रभारी विजय पाण्डेय, मानदलापाल शक्ति केंद्र में मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, विजय चौबे सहित वहां के प्रमुख लोगों के साथ बुथ पर भेजे जा रहे सामग्री का जायजा लेकर उपस्थित सभी लोगों के साथ बैठकर चुनावी रणनीति और भाजपा और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विस्तार रूप से चर्चा किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अलखनाथ पांडेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य का नारायणपुर विधानसभा तीन जिलों में फैला हुआ है। पूरे नारायणपुर विधानसभा में लोगों में कांग्रेस सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। नारायणपुर विधानसभा के लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिये हैं। भाजपा भारी मतों से नारायणपुर विधानसभा जीत रही है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे भाजपा सहित हम सभी का तूफानी दौरा लोगों के साथ जनसंपर्क जोर-सोर से हो रहा है।10

## सुशीला देवी का निधन



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी पिस्का स्टेशन निवासी पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेश कुमार शर्मा की माता 80 वर्षीय सुशीला देवी का निधन गुरुवार की सुबह में हो गया वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। पांडु मुक्ति धाम में इकलौता पुत्र महेश कुमार शर्मा ने मुखाग्नि दी। इनके निधन से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,नंदकिशोर मेहता, सुरेश बैठा, उपेंद्र मेहता, धीरज मेहता, अजय मेहता, पंचम प्रेम किस्पोट्टा, कृजीवन महतो, अनिता देवी, शाहिद अहमद, निर्जल महतो, रामबरन महतो, चंद्रशेखर शर्मा, कमलेश केशरी, विनोद तिर्की सहित लोगों ने मृतात्मा के प्रति गहरा शोक संवेदना प्रकट की है।

# छत्तीसगढ़ में पहले चरण की वोटिंग से पहले सीमावर्ती बालचौरा में बनाया गया चेक पोस्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धुरकी।** छतीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से पहले सीमावर्ती धुरकी थाना क्षेत्र के बालचौरा मे चेक पोस्ट बनाया गया है। चेकपोस्ट पर मजिस्ट्रेट और पुलिसबल की नियुक्ति की गयी है। इस दौरान इस रास्ते आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। वही छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटो के लिए चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग से पहले झारखंड प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर को विभाजित करने वाले गढ़वा जिला अंतर्गत धुरकी प्रखंड क्षेत्र के बालचौरा मे डीसी शेखर जमुआर एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी द्वारा चेकपोस्ट बनाया गया है। वहीं चेकपोस्ट पर जेई सह दंडाधिकारी प्रमेन्द्र विश्वकर्मा, सअनी शैलेंद्र कुमार यादव पुलिसबल के साथ छत्तीसगढ़ से झारखंड मे आने जाने वाले सभी लोगो की तलाशी और जांच पड़ताल की जा रही है। वही बालचौरा मे कनहर नदी मे नाव से आने जाने वाले और मोटरसाइकिल की गहनता से जांच की जा रही है। दंडाधिकारी ने बताया की आगामी सात और 17 नवंबर को छत्तीसगढ विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होना है, वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान झारखंड और छत्तीसगढ की सीमा पर चेकपोस्ट बनाकर जांच अभियान और पुलिस गश्ती किया जा रहा है ताकि शराब बिक्री और अवैध सामग्री की ढुलायी तथा अपराधिक घटनाओं सहित अन्य कार्यों से रोका जाये। इधर गुरुवार को धुरकी सीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रभारी थाना प्रभारी बिक्की कुमार सशत्र बल के साथ बालचौरा बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा की सभी 90 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने दो चरण का घोषणा किया है। जिसमें प्रथम चरण में 20 सीटों पर 7 नवंबर और द्वितीय चरण में शेष 70 सीटों पर मतदान 17 नवंबर 2023 को होगा। और 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

# विधायक भानु का जन्मदिन मनाया गया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरपुर।** मंडल हरिहरपुर में भवनाथपुर विधानसभा के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही का 46वां जन्मदिन विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह के आवास पर वुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में 14वें विधायक के रूप में भानु प्रताप शाही को इस पिछड़े हुए विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के जनमानस ने अपना बहुमूल्य आशीर्वाद देकर दिया है। जिसके परिणामस्वरूप मूलभुत सुविधाओं से वंचित क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींचने का काम किये हैं। जिसमें नदियों पर पुल पुलिया सहित कालीकरण सड़क का निर्माण, दुर दराज के गांव में बिजली कि सुविधा, सिंचाई की सुविधा, स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा सहित किसान मजदूरों का पलायन को कम करने सहित विभिन्न तरह की विकास का रुप रेखा बना दिया गया है। साथ ही निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा विद्यालय को व्यवस्थित करने का कार्य किया है। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता दिलीप कुमार सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, दुर्गा राम, सुरेंद्र, बब्लू सिंह, डॉ दिलेश्वर साहू, विजय, अरूण, शंभू नाथ, शशांक सहित हरिहरपुर मंडल की ओर से जन्मदिवस की अनन्त गहराईयों से शुभकामनाएं और बधाई दिया दिया।

# नौ करोड़ की लागत से बनेगा अस्पताल: विधायक भानु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अस्पताल भवन सह आवास का शिलान्यास करते विधायक भानु प्रताप शाही

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नौ करोड़ की लागत से बनने वाले अस्पताल भवन सह आवास का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने बुका निवासी सुर्यदेव राउत के हाथों पुजा अर्चना कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर कराया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे का उद्घाटन किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए भानु ने कहा जब-जब हेमंत की सरकार आई तब तब भवनाथपुर का विनाश करने का काम किया है। वर्ष 2013 में बने तो घाघरा चूना पत्थर खदान को बंद कर दिया, वर्तमान में बने तो 2020 में तुलसीदामर के डोलोमाइट खदान को बंद कर हजारों गरीब मजदूर का चूल्हा बंद करने का काम किया है। जब मैं वर्ष 08 में स्वास्थ्य मंत्री था तो चार करोड़ की लागत से नये अस्पताल भवन का शिलान्यास किया, लेकिन दुर्भाग्य की कुछ ही दिनों के बाद झारखंड में राष्ट्रपति शासन लग गया और 13 महीने के बाद विधानसभा चुनाव हुआ और कुछ हमारी कमी कुछ कार्यकताओं की कमी के कारण चुनाव हार गये और राजा साहब को जनता ने विधायक बनाया, लेकिन दुर्भाग्य इस विधानसभा का भवनाथपुर, नगर उटारी, अरंगी, सगमा, केतार, डंडई सहित 14 अस्पताल को राजा साहब ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने का काम करवाया।

समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव जबकि संचालन मनोज पहाड़ीया ने किया।

इस अवसर पर बीडीओ नंद जी राम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास, लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनिल सिंह, बिपिन चौबे, संजय यादव, पूर्व मुखिया मधुलता कुमारी, पूर्व प्रमुख रिता देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर, मनोज कुमार सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## सिंचाई विभाग की बाउंड्री वाल तोड़ने पर बुंडू के एसडीओ ने लगायी रोक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मनोज जायसवाल द्वारा मुकदमे में डिग्री के बाद प्रखंड कार्यालय के नजदीक स्थित सिंचाई प्रमंडल विभाग की बाउंड्री को जेसीबी से तोड़ने के मामले को लेकर रांची डीसी के निर्देश पर बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने तोड़फोड़ पर रोक लगा दी है। बुंडू एसडीओ ने कहा कि मुकदमें में सिंचाई प्रमंडल को पार्टी ही नहीं बनाया गया है, जबकि कार्यालय के पास भूमि अधिग्रहण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मौजूद है। वहीं, सिंचाई प्रमंडल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में ले जाने के लिए विभागीय कदम उठाया गया है, लेकिन अदालत बंद रहने के कारण उच्च न्यायालय में मामला दाखिल नहीं हो पाया है। इस कारण विभाग के अधिकारियों ने रांची के डीसी समेत उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर जमीन की प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करने को लेकर आग्रह किया है। इधर, तोड़फोड़ को लेकर बुंडू थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस मौके पर बुंडू सीओ पवन कुमार व थाना प्रभारी संजीव कुमार आदि थे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया कई विद्यालयों का निरीक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीबीटी में जिले में सबसे कम उपलब्धि वाले मुरहू प्रखंड में अपेक्षित सुधार के लिए डीसी लोकेश मिश्र के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झाशिप ने गुरुवार को कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्रखण्ड की टीम के साथ योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके बाद कोड़ाकेल मध्य विद्यालय, मध्य सह उच्च विद्यालय गनालोया, मध्य विद्यालय माहिल और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पेलौल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन योजना और अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जो छात्र पोशाक योजना से अब तक आच्छादित नहीं किये गये हैं, उनकी विवरणी अविलंब प्रखण्ड संसाधन केन्द्र को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही ई-कल्याण योजनांतर्गत बच्चों का पंजीकरण भी पांच नवंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## मजदूरों का आर्थिक नुकसान किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं : बीएन पांडेय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा वीआईपी सभागार में गुरुवार को आरसीएमएस एनके एरिया की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एनके एरिया अध्यक्ष बीएन पांडे ने की। अपने संबोधन में एरिया अध्यक्ष ने कहा कि मजदूरों को हो रहा आर्थिक नुकसान किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वर्तमान में एनके प्रबंधन द्वारा चार दिन शारीरिक उपस्थिति होने पर संडे ड्यूटी दिए जाने और सिक छुट्टी के दौरान पड़ने वाला रविवारीय भुगतान बंद है। जिसे सैप का हवाला देकर प्रबंधन द्वारा दिग्भ्रमित किया जा रहा है। उन्होने मांग किया कि एनके क्षेत्र में कार्य कर रहे असंगठित मजदूरों का बोनस भुगतान दिपावली से पहले किया जाए। वहीं यूनियन के एनके एरिया सचिव अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि प्रबंधन कोयला मजदूरों के साथ मनमानी करना बंद करें। मजदूरों कि मिलने वाली सुविधाओं से छेडछाड़ बंद नहीं की गई तो आरसीएमएस उग्र आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर तक अगर प्रबंधन यूनियन की सभी मांगों पर विचार नहीं करती हैं तो 21 नवंबर से एनके क्षेत्र की सभी परियोजनाओं में गेट मीटिंग और 25 नवंबर को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष घेराव किया जाएगा। इसके बाद खदान और कोयला डिसपेंच बंद किया जाएगा। बैठक में पजू महतो, मुमताज अहमद, सुनील कुमार सिंह, सोनू पांडे, प्याहरी भगत, यशवंत पांडे, कमल मुंडा, अतुकुल्हा अंसारी, कुलदीप कुमार, बालमिकी दूबे आदि मौजूद थे।

## नौ दिसंबर तक होगा मतदाता पुनरीक्षण कार्य

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को खलारी बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना व निर्वाचन से संबंधित बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे ग्राम गाड़ी योजना का विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि इस योजना के माध्यम से सरकार ऐसे क्षेत्रों के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां से लोगों को वाहन न मिलने के कारण कई किलोमीटर पैदल चलकर वाहन पकड़नी पड़ती है। इससे लोगों के समय की बचत होगी और पैदल नहीं चलना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम ग्रामीण जनता को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी दी। बताया कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर से लेकर नौ दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने पुनरीक्षण के लिए मुख्य रूप से 20 से 29 अक्टूबर और 4-5 नवंबर को विशेष कैंप लगाने की बात कही। बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, प्रखंड उपप्रमुख सुमन देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, साबीर अंसारी, खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा चूरी शाखा की बैठक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा चूरी शाखा की बैठक धवैयाटांड़ प्राथमिक विद्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता राजेश महतो और संचालन अशोक महतो ने किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि चूरी परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण 1985 में किया गया था। जिसमें 20 रैयतों को नौकरी देने की बात थी। लेकिन अबतक मात्र पांच रैयतों को ही नौकरी दी गयी है। 15 मार्च 2023 को सीसीएल प्रबंधन एवं रैयतों के बीच वार्ता हुई थी। जिसमें छह माह के अंदर सभी रैयतों की नौकरी देने पर सहमति बनी थी। पर उक्त अवधि बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। बैठक में सभी रैयतों ने सहमति से चुरी परियोजना पदाधिकारी से जल्द ही एजेंडा मीटिंग कर आगे की परिक्रिया करने का निर्णय लिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, अंबेडकर विचार मंच खलारी अध्यक्ष अशोक महतो, राजेश महतो, संजय महतो, सुनील महतो, तुलसी महतो, लोकनाथ महतो, नागो महतो, नीरज कुमार मुंडा, वकील कुमार महतो सहित अन्य रैयत उपस्थित थे।

## मसीही परिवारों ने मृतात्माओं की शांति के लिए मनाया कब्र पर्व

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी में मसीही परिवारों ने गुरुवार को कब्र पर्व मनाया। मसीही विश्वासी अपने मृत पूर्वजों को याद करते हैं। अपनी धार्मिक मान्यताओं में आस्था जताते हुए वे अपने-अपने परिवार और समाज के मृतात्माओं की परम शांति के लिए कब्रों की पूजा किए।

### नाराजगी : तमाड़ में जनसुनवाई पर पहुंचे झारखंड के वित्त मंत्री, कहा-

# राशन आवंटन में बरती गयी अनियमितता की होगी जांच

## बालू की समस्या का जल्द होगा समाधान : रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददगाता

**तमाड़।** झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव गुरुवार को तमाड़ प्रखंड सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। इसके बाद प्राचीन दिउड़ी मंदिर पहुंचकर माता के चरणों में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं, जनसुनवाई के दौरान सैकड़ों लोग प्रखंड पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवेदन जमा किया। वहीं, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 54 मामले सामने आए है। इसमें



तमाड़ में जन सुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री रामेश्वर उरांव।

सबसे ज्यादा मामला खाद्य आपूर्ति विभाग से है। जिसमें एक राशन कार्ड में नाम जोड़ना मुख्य है। दूसरा राशन दुकांनदारो द्वारा राशन की कटौती है। उन्होंने कहा कि राशन दुकानदार कटौती तो कर रहे हैं उपर से दो माह के राशन पर अनियमितता बरती गई है। उन्हें जांच के आदेश दिए जाने की जानकारी दी गयी। पर जांच से संतुष्ट नहीं होने पर मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा गठित टीम राशन पर की गई अनियमितता की जांच करेगी। साथ ही उन्होंने अंचल पर जमीन का म्यूटेशन नहीं होने पर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा बालू को लेकर उन्होंने बताया कि इस कारण कई विकास कार्य बाधित हो रहे है। जल्द ही इस समस्या का निदान किया जायेगा।

## समाजसेवी हरिबंधु सिन्हा उर्फ दादा का निधन, शोक



**खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के केडी शिवपुरी कॉलोनी निवासी समाजसेवी हरिबंधु सिन्हा उर्फ दादा (69) का गुरुवार को उनके निवास पर निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इस दिन अपने बिस्तर पर मृत मिले। दो दिन पहले ही वे कांदी, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) स्थित अपने पैतृक गांव से खलारी लौटे थे। बुधवार रात वे अपने घर में अकेले थे। एक नवंबर को ही उनका जन्मदिन था। इसकी सूचना उनके स्वजनों को फोन से दी गई।**

## कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता : नीतीश

### डीडीसी ने की आकांक्षी जिला योजना के कार्यों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** डीसी के निर्देश पर आकांक्षी जिला के मानकों से संबंधित गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डीडीसी नीतीश कुमार सिंह ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीडीसी ने स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत संरचनाओं का विकास (सड़कों का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति और हर घर में शौचालय का निर्माण) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि डेटा एंट्री उचित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही इसमें डेटा प्रविष्टि में सुधार को लेकर किए जाने वाले कार्यों और बिंदुओं को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सकारात्मकता भरी हंसी आपके व्यक्तित्व को निखारती है : मुकेश चौहान

### उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल और आदर्श उवि शांतिनगर खलारी में खुशी क्लास का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल और आदर्श उवि शांतिनगर में गुरुवार को खुशी क्लास का आयोजन किया गया। उर्सलाइन स्कूल में प्रिंसिपल सिस्टर जयंती और आदर्श उच्च विद्यालय में प्रिंसिपल फादर ऑस्कर टोप्पो के नेतृत्व में लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव को अपनी जिंदगी में आसपास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती



उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल में खुशी क्लास लेते मुकेश सिंह चौहान।

है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। उन्होंने सकारात्मकता के ताकत से संबंधित कहानी भी सुनाए। कहा कि एक गांव में दो मित्र थे। गांव के पांच किमी की परिधि में तकरीबन 30 गांव थे। पढ़ाई के लिए एकमात्र प्राथमिक विद्यालय था। एक मित्र सोचता, यहां शिक्षा के लिए कुछ होना चाहिए। दूसरा मित्र सोचा, मुझे अपने गांव के लिए कुछ करना है। वह अपने खेतिहर जमीन का एक टुकड़ा बेच कर गांव में स्कूल बनाने लगा। उसका हौसला देख ग्रामीणों ने भी मदद शुरू कर दी। 3-4 साल के अंदर उसका स्कूल पूरे एरिया में प्रसिद्ध हो गया। जिसमें दो हजार छात्र पढ़ने लग गए और उसकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई। उन्होंने बताया कि शिव खेरा का कहना है कि विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए। अंत में उन्होंने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, खुशी क्लास से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। वहीं उर्सलाइन स्कूल में प्रिंसिपल सिस्टर जयंती और आदर्श उच्च विद्यालय में प्रिंसिपल फादर ऑस्कर टोप्पो ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को पढ़ाई के क्रम में होने वाले तनाव को कम करने के लिए इस तरह के खुशी क्लास की बहुत जरूरत है। संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में भी इस तरह खुशी क्लास लगाना और जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किये है। मौके पर प्रभाकर शर्मा, अलका राही, श्रीकांत शर्मा, पवन चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### लोकेश मिश्र ने स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# बच्चों के निरंतर विकास और सीखने की क्षमता को बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले में शिक्षा पर कार्य कर रही संस्था सीनी टाटा ट्रस्ट और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें बेसलाइन असेसमेंट ऑफ स्टूडेंट्स फॉर इंप्रूव्ड कैपेसिटी (बेसिक) कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रतिनिधि ने छात्रों के असेसमेंट की जानकारी दी। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए किए जा कार्यों के संबंध में बताया गया। प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन कर्रा प्रखंड के 54 विद्यालयों में कार्य



विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्र।

कर रहा है, जिसमें सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था। साथ ही सभी मध्य विद्यालयों से छह से आठ कक्षा के विद्यार्थियों के साथ एक घंटे भाषा और एक घंटे गणित की कक्षा संचालित की जा रही है। समुदाय में टोलावार लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों की विद्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जा रही है। उन बच्चों को ट्रैक और सहयोग करने के लिए सदस्यों द्वारा अभिभावकों और पीआरआई सदस्यों के सहयोग से स्वयं सेवक तैयार किए गए हैं। उनके द्वारा बच्चों का सहयोग किया जा रहा है। डीसी ने मिडलाइन आकलन करने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों को प्रगति का आकलन करते हुए बेहतर कार्य योजना बनाई जा सके। सिनी टाटा ट्रस्ट्स द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूआत नौ विद्यालयों में की गई है। डीसी ने कहा कि बच्चों के निरंतर विकास और सीखने की क्षमता को बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। इस उद्देश्य से कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया जाना है। इसके लिए छात्रों के बेस लाइन असेसमेंट की आवश्यकता है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## पिपरवार के बेंती गांव में 16 नवंबर को होगा सोहराय जतरा का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बेंती पंचायत भवन में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रचित गंझू एवं संचालन रामबालक गंझू ने किया। बैठक में इस वर्ष भी बेती गांव में सोहराय जतरा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 16 नवंबर को सोहराय जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रात में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष शंकर उर्फ कल्लू गंझू, उपाध्यक्ष सेवक गंझू, संतोष केसरी, सचिव रचित गंझू, उपसचिव रामबालक गंझू, अरूण पासवान, सह सचिव गणेश भुईयां, प्रेम ठाकुर, महेश गंझु, कोषाध्यक्ष दिलीप गंझु, उप कोषाध्यक्ष गणेश गंझू, मुकेश गंझु, भूनेशर गंझू, संगठन सचिव कृष्ण गंझू, जयराम भुईयां, खजांची प्रजापति, तूफान भुईयां, हरीश गंझु, वासुदेव गंझु, संरक्षक समाजसेवी रोहन गंझू, सुखी गंझू, जगदीश गंझु, शिबू गंझु, पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया, मुखिया सरिता देवी, सिकंदर प्रजापति, बंधन गंझू, उप मुखिया किरण कुमारी, जिला परिषद नेहा उरांव, हरिनारायण गंझू, जगदीश गंझू, बासुदेव गंझु, परमेश्वर गंझू, अमीरवा गंझू, मनु केसरी, बैजनाथ प्रजापति, हेमराज प्रजापति, राजेश प्रजापति को बनाया गया। इसके अलावा कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## आइआरबी थ्री के कैंप में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हवलदार को दी गयी विदाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में गुरुवार को समारोह आयोजित कर आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार मृत्युंजय महतो को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवर निरीक्षक सत्येंद्र मिश्रा और संचालन रंजीत कुमार ने किया। समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने सेवानिवृत्ति हवलदार मृत्युंजय महतो को माला पहनकर स्वागत किया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। इस मौके पर अवर निरीक्षक मणि मोहन प्रसाद, शमशाद खान, परेश मरांडी, संजीव कुमार श्रृंगारी, मनोज कुमार, नुनू राम मेहरा, संजय कुमार यादव, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान, मंत्री सुजीत कुमार, सुशील कुमार पांडेय, गोल्डन चौबे, प्रदीप रजक, सुरेश प्रजापति, जितेंद्र शुक्ला, कन्हैया कुमार, सुशील पाल, पवन महतो, नागेंद्र सिंह, पवन कुमार, राजीव रवि आदि मौजूद थे।

## नेहरू आदर्श विधालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत गुरुवार को पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव स्थित नेहरू आदर्श विद्यालय में हिंदी निबंध, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा की देखरेख मे आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के कई बच्चे शामिल हुए। इस संबंध मे कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके तहत प्रबंधन द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्तकता विषय पर नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती में हिंदी निबंध, श्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के कई बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को भी सतर्कता जागरूकता के उद्देश्य के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आमलेशा पंचायत भवन में श्री जगन्नाथ अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर रांची के सौजन्य से रांची से आए हड्डी रोग के विशेषज्ञ डाक्टर निलय कुमार की देखरेख में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची से आये विभिन्न विभागों के डाक्टरों जनरल फिजिशियन के अलावे महिला रोग से संबंधित डाक्टर भी शामिल थे। शिविर में 150 रोगियों का निःशुल्क जांच करने के बाद दवाईयां दी गई। शिविर में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहु, हरि सिंह मुंडा आदि उपस्थित होकर खुद के स्वास्थ्य का जांच कराया। वहीं, शिविर को सफल बनाने में मुखिया हरिश्चंद्र मुंडा, करम सिंह मुंडा के साथ ही डॉक्टर निलय कुमार कती पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा।

## नौ विद्यालयों के शिक्षकों को दिया गया बेसिक प्रशिक्षण

खूंटी। जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में गुरुवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय बेसिक कार्यक्रम आयोजत कर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, जिला समन्वयक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा और परिचय सत्र से किया गया। प्रशिक्षण में जिले के खूंटी, अड़की और मुरहू प्रखंड के चिह्नि नौ विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। शिक्षकों को प्रशिक्षण सीनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि आशुतोष कुमार मांझी ने दिया। कार्यक्रम में डाइट प्रशिक्षक, सिनी टाटा ट्रस्ट के फील्ड को ऑर्डिनेटर आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
09

# अजीम प्रेमजी फाउडेंशन करेगा निवेश, इटकी में खुलेगा विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज

**146 एकड़ में फाउंडेशन का करीब 3000 हजार करोड़ की लागत से विश्व विद्यालय का स्थापना करने की योजना है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी यक्ष्मा।** आरोग्यशाला की परती परी भूमि पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान ने निजी विश्व विद्यालय स्थापना का प्रक्रिया शुरू कर दिया है। पिछले माह झारखंड सरकार के कैबिनेट की बैठक के सत्र में इटकी ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग) संशोधन विधेयक 2023 पारित होने के बाद यहां अजीम प्रेमजी फाउडेशन का विश्व विद्यालय और मेडिकल अस्पताल की स्थापना का रास्ता साफ हो गया। इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के 146 एकड़ में फाउडेशन का करीब 3000 हजार करोड़ की लागत से विश्व विद्यालय का स्थापना करने की योजना है जबकि चार एकड़ में केजी से 12 वीं तक के बच्चों के लिए विद्यालय भी निर्माण करायेगा। इसके लिए इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के 150 एकड़ केशरे हिन्द भूमि को अधिग्रहित किया गया है। विश्व विद्यालय के लिए अधिग्रहित भूमि पर तकनिकी टीम द्वारा यंत्र से टोप्पो ग्राफी कर हर पोइंट पर पिलर लगाये जा चुकें है। वही उपायुक्त के निदेश पर पिछले एक सप्ताह से अर्वाटेत भूमि का नक्सा के अनुसार फाईनल मापी की जा चुकी है। बताते चले कि फाउडेंशन को भूमि हस्तानातरण के लिए गत माह इटकी अंचल द्वारा चिन्हित भूमि का भौतिक सत्यापन, नक्सा सहित अन्य दस्तावेजों का फाइनल रिपोट जिला प्रशासन को सौंपा था। जिला प्रशासन ने उक्त रिपोंट को स्वीकृत कर सरकार को सौंपा गया `कैबनेट से मंजूरी मिलने के बाद चिन्हित भूमि पर अजीम प्रेमजी फाउडेंशन ने विश्व विद्यालय निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।



## आई अस्पताल स्थापना के लिए नौ एकड़ भूमि चिन्हित

इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला की भूमि पर सरकार मुंबई शंकर नेत्रालय के तर्ज पर आई अस्पताल का निर्माण करायेगी। बताया गया है कि आई अस्पताल के लिए खाता संख्या 489, प्लॉट संख्या 2532 में नौ एकड़ भूमि चिन्हित किया गया है।

## अधिग्रहित भूमि में अवस्थित आरोग्यशाला के 46 भवन हटाये जायेंगे

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के निजी विश्व विद्यालय स्थापना के लिए अधिग्रहित भूमि में इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के 46 भवनों को हटाने का प्रक्रिया पुरी कर ली गई है। सीओ विजय कुमार ने आवास में अवैध रूप रह रहे लोगों को एक सप्ताह के अंदर खाली करने का अंतिम नोटिस जारी किया है।

## सरकार 75 प्रतिशत छूट पर विश्व विद्यालय स्थापना के लिए लीज पर भूमि उपलब्ध कराया

राज्य सरकार ने विश्व विद्यालय स्थापना के लिए फाउंडेशन को 99 वर्ष के लिए लीज पर भूमि उपलब्ध करा दिया है। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार आरोग्यशाला के परती पड़े भूमि खाता संख्या 489 प्लाट 2532 रकबा 111 एकड़ और प्लाट संख्या 2387 से रकबा 35 एकड़ विश्व विद्यालय के स्थापना के लिए दी गयी है, जबकि इसी प्लाट पर चार एकड़ विद्यालय के लिए अलग से दी गयी है। बताते चले की पिछले कुछ महीनों से फाउंडेशन के विद्यालय से जुड़े चार सदस्यीय टीम क्षेत्र में सर्वे के लिए विद्यालयों में भ्रमण कर अपना कार्य प्रारंभ कर चुकी है। सरकारी दर भूमि की प्रति डीसमील 22,222 निर्धारित है। किन्तु सरकार ने 75 प्रतिशत छूट देकर 5,556 हजार रूपया प्रति डिसमील की दर से फाउंडेशन को लीज पर दी गयी है। 150 एकड़ भूमि की कुल लीज की राशि 83,3400 लाख होगी।

# विधायक ने कई विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप नें गुरूवार को अनगड़ा में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया वहीं कई पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं के सामाधान की दिशा में कारवाई का भरोसा दिया। विधायक ने सबसे पहले जिला अनाबद्ध योजना मद से उत्क्रमित उवि गेतलसूद के चहारदिवारी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उसके बाद जिला अनाबद्ध निधि से हीं प्राथमिक विद्यालय हरातू में दो अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप नें संवेदक को गुणवतापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया तथा फिर से शिलापट लगाने की बात कही। उन्होंनें ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर कार्य की निगरानी करने को कहा। इस दौरान विधायक गेतलसूद और सिकिदीरी में कई पीड़ित परिवारों से मिले तथा उनके दुख-दर्द को समझा। भरोसा दिया कि उनके परिवार के जीवन-यापन के लिए वे व्यक्तिगत स्तर पर कुछ बेहतर करने की कोशिश करेंगे। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, राजेन्द्र शाही मुण्डा, मुखिया शांति मुण्डा, उपमुखिया शंकर बैठा, विधायक प्रतिनिधि साकीर, एतवा, महेश रजवार, अनिल, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर सहित अन्य मौजूद थे।



## एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा के बैनर तले गुरुवार को एक्यूप्रेशर चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत ओरमांझी के बरगानी बांदा ग्राम के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ लापन कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ बलराम महतो, डॉ महेश प्रजापति, पूजा कुमारी, ललिता कुमारी का अहम योगदान रहा। मौके पर विजय उरांव, शांति देवी, अनीता देवी, बसंती देवी, विष्णु उरांव, रामू राम, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना देवी के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना को लेकर भूमि पूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति नामकुम के तत्वाधान में गुरुवार को रामपुर रिंग रोड चौक पर भगवान वीर बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित करने को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन पहान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के संदेशों और विचारों को घर-घर तक ले जाने का समय आ गया है। यह राज्य आदिवासियों का है और भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के आदर्श है। कहा कि ये प्रतिमा पूरे झारखंड की पहचान बनेगी। मौके पर पहान अनिल लकड़ा, खरसीदाग से जुरा पहान, जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, ग्राम प्रधान रामपुर लक्ष्मण लकड़ा, पड़हा समिति की महिला सचिव मरियम लकड़ा, समाजसेवी प्रदीप लकड़ा, मीडिया प्रभारी उत्तम गोप, समाजसेवी मदन टुटी, बुलू लिंडा, वाल्टर टोप्पो, चामू बेग के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांव टू गांव कार्यक्रम के तहत बीडीओ ने किया पंचायत का भ्रमण

**आंगनबाड़ी केंद्र में पीने की पानी और शौचालय नहीं है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** गांव टू गांव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने हरदाग पंचायत का भ्रमण किया। सर्वप्रथम स्वयं सहायता समूह की दीदी के द्वारा बीडीओ का पारंपरिक स्वागत किया। तत्पश्चात मनरेगा योजना अंतर्गत रोजगार दिवस और प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चलो करें आवास पूरा अभियान में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुये बीडीओ ने एक एक कर प्रखंड द्वारा चल रही सभी विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उन योजनाओं से ग्रामीणों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी योग्य लाभुकों का आवेदन स्वीकृत कर दिया जायेगा। साथ ही पेयजल की समस्या के समाधान के लिये सभी जनप्रतिनिधि से नये चापाकल हेतु 15 सबसे आवश्यकता वाले टोले की सूची की मांग की गयी। 10 खराब चापाकल की सूची मांगी गयी। ताकि अविलंब मरम्मत कराई जा सके तथा वैसे बोरिंग जहां जल नल की सुविधा नहीं है। वहां 15वें वित्त योजना से जल मीनार लगाने की कार्रवाई करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में जहां पीने की पानी एवं शौचालय नहीं है। वहां 15वे वित्त की योजना से अविलम्ब बनवाने हेतु पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने, सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को समय से टीकाकरण करवाने हेतु प्रेरित किया। उनके द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत आम बागवानी की योजना का क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस अवसर पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम प्रधान, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू नेता ने श्राद्धकर्म में किया आर्थिक सहयोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा महुवा ढ़ीपा निवासी बालेश्वर महतो उम्र-55 का सड़क दुर्घटना से 24 अक्टूबर को मृत्यु हो गयी थी। जो अत्यंत ही गरीब परिवार से थे। सूचना पाकर आजसू नेता पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने दशकर्म हेतु उसके परिवार से मिलकर उसकी पत्नी संपत्ति देवी को अनाज देकर सहयोग किया। साथ ही उसके परिवार जनों को सहानुभूति प्रदान किये। मौके पर, मुनेश्वर सिंह, संगीता देवी,पुतुल देवी, मनेश महतो, संदीप महतो, कुलदीप महतो, आदि मौजूद रहे।

# जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है : शिल्पी नेहा तिर्की

**जतरा झारखंडी संस्कृति की धरोहर : सन्नी टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के तुको गांव में गुरुवार को इक्कीस पड़हा सरना कंदा जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व जगरे उरांव शामिल हुए। जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। इसे हमें हर हाल में संजो के रखना है। वही सन्नी टोप्पो ने कहा जतरा झारखंडी संस्कृति की धरोहर है। हमें इसे सहेजे रखने के जरूरत है। हमारे पुरखों द्वारा लगाया जाने वाला जतरा हम सबों को धरोहर के रूप में मिला है। इसका मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाने के साथ-साथ समाज में भाईचारगी को मजबूती प्रदान करना रहा है। मौके पर उप मुखिया सतीश सिंह, समाज सेवी अजित तिर्की, इक्कीस पाड़हा राजा महादेव कुजुर मौजूद थे। जतरा को सफल बनाने में रवि पहान, पुजार शुका कच्छप व साखो उरांव, सकलु पहान, आदेश यादव, उमेश भगत, सुदर्शन भगत, सुरजा, जद्दू, मंगल सहित समस्त ग्राम वासियों ने सराहनीय योगदान दिया।

# सफल छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रस्तावित उच्च विद्यालय छात्रों को मिला सम्मानित**



**रांची।** टाटा विल्डिंग इंडिया द्वारा निबंध प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टीसीएस के प्रतिनिधि भरत कुमार साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मौके पर श्री साहू ने कहा कि टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने का एक शानदार तरीका है । जो आपके छात्रों के लिए मजेदार और फायदेमंद दोनों है । राष्ट्र निर्माण पर एक निबंध विषय के साथ, छात्रों को कई प्रकार के विषयों पर शोध, अन्वेषण और सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय प्रभारी एम रंजन ने कहा कि निबंध स्वतंत्र विचार और राय बनाने का एक शानदार तरीका है। किसी स्कूल की उपलब्धि उसके छात्रों की सफलता में निहित होती है। टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता भाग लेने वाले स्कूली छात्रों को 3 अलग-अलग स्तरों पर जीतने का अवसर प्रदान करने की अपनी संरचना में अद्वितीय है । हालांकि निबंध केवल एक बार लिखा जाता है। उसके बाद आये हुए सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नेहा कुमारी, सोफी परवीन, निशा कुमारी, आरती कुमारी, अंजलि कुमारी तथा सपना रानी सफल रही। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक कृष्ण कुमार, अगुस्टीना, उषा, अनुपमा, अनु, स्वाति, निशा, सुनिता, अनिमा, हरखनाथ, हीरालाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बिनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में गुरुवार को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन बच्चों को ड्रिल, परेड, मेडिकल रेस्क्यू , फायरमैन लिफ्टिंग, डबल हैंड रेस्क्यू, क्लैप, स्काउट गाइड क्लैप हार्ट क्लैप, वेलकम क्लैप व गुरेला क्लैप का प्रशिक्षण दिया गया। जिला सचिव देव आदित्य, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर शिव जयंत मिश्रा और ट्रेनर अजीत सिंह के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर जयंत मिश्रा ने कहा कि स्काउट और गाइड के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, एकता की भावना, देश प्रेम और हर संकट में पूर्ण रूप से तैयार रहने की प्रेरणा व शक्ति मिलती है। बच्चों के तीन दिवसीय ट्रेनिंग में आगे बच्चों को ह्यूमन एंबुलेंस, स्ट्रेचर मेकिंग, कुवां में गिरने पर कैसे रेस्क्यू करें, सिलेंडर में आग लगने पर कैसे बुझाएं आदि की ट्रेनिंग दिया जायेगा। साथ ही शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बताया कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह का ट्रेनिंग बहुत आवश्यक है। इससे बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना और आत्मरक्षा के साथ साथ आपातकाल की स्थिति में अपना और दूसरों की बचाव की सीख मिलती है। इधर शिविर को सफल बनाने में सभी शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया।

## 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरगांव के करंजुवा टोली में 200 केवीए का नए ट्रांसफार्मर लगाया गया। नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुख्य अतिथी पूर्व जिप उपाध्यक्ष रांची के पार्वती देवी और पूर्व मुखिया सीता राम पाहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताते चलें कि ट्रांसफार्मर विगत 10 दिनों पूर्व से खराब पड़ा हुआ था।, ओर किसानो द्वारा लगाये गये खेती पटवन के अभाव में सुख रहा था, जिससे किसान काफी मायूस थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा पार्वती देवी को दिया गया। पार्वती देवी की पहल से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसके बाद किसानो एवं ग्रामीणों में खुशी देखी गयी। उद्घाटन के मौके पर बिजली मिस्त्री पारस महतो, विकास साहू, शंकर यादव,रवि सिंह, राजदीप मुंडा, नूतन देवी, अशोक महतो, भुनेश्वर महतो, नरेश महतो, किशोर महतो,बिनोद मुंडा,साधु महतो, बलराम साहू ,पतिदेव उरांव, हरिश्चन्द्र महतो, जगदीश उरांव समेत दर्जनों किसान, ग्रामीण एवं छात्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं का हुआ बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकीदिरी थाना क्षेत्र के सुरसु पंचायत के कुतूरलोवा गांव में गुरुवार को सुखनंदन बेदिया के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में सिल्ली प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष रामानद बेदिया का स्वागत किया गया। बैठक में राज्य की वर्तमान हालात पर चर्चा की गई.साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। रामानंद बेदिया ने पार्टी के नीति व सिद्धांतों को विस्तार से बताया। मौके पर कृष्णा बेदिया,कुलदीप बेदिया, दिनेश बेदिया, प्राण बेदिया, जनार्दन बेदिया, मनोज बेदिया, महादेव, भीम बेदिया, उप मुखिया रामटहल बेदिया, बद्रीराम, गोविंद, राधिका, महावीर, हृदय, दुर्गा चरण, शाहदुर, गोपाल, गणेश, बालेश्वर, निर्मल, लक्ष्मी नारायण , वीरेंद्र बेदिया, हीरामणि देवी, आरती देवी, जोगेंद्र बेदिया, राधेश्याम बेदिया, जगदीश, माधो, पुरण, रंजीत, नरेश उरांव, गरमी देवी, बबीता देवी, किनवा, कालीचरण, फागुराम बेदिया, नागेश्वर बेदिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बन्धु तिर्की ने नागपुरी मंच का किया उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के दोलैचा में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर नागपुरी प्रोगाम में बतौर मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री बंधु तिर्की ने फिता काटकर मंच का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत भी दोलैचा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। बन्धु तिर्की ने कहा कि मेला जात्रा हमारी पुरखो की धरोहर है इससे बचा कर रखना है। नागपुरी ठेठ गीत से हमारी क्षेत्रीय भाषा बचाने में भरपूर सहयोग किया है साथ ही शिक्षा पर जोर दिया। मेला में नागपुरी कलाकारो ने लोगो का भरपूर मनोरंजन कराया। मुख्य कलाकार पवन रॉय, आरती देवी,सुमन गुप्ता, रूपेश बड़ाईक, मांडर सम्राट हुलास महतो के अलावे अन्य कलाकार ने मनोरंजन कराया। मौके पर मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक ककरिया पंचायत के देवेन्द्र वर्मा, दुर्गा पूजा कमिटी के मंच अध्यक्ष कंचन कुमार साहू , सचिव मंटु भगत, कोषाध्यक्ष नीलकमल साहू अमित भगत, के अन्य लोगो ने सहयोग किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति 48 वर्षीय सोमरा उरांव की गुरुवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि बेड़ो नरकोपी पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो बाजार के समीप बुधवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे दो बाइक सवारों की आमने सामने की हुई भिड़ंत में महुगांव नवाटोली निवासी सोमरा उरांव व इडरी गांव निवासी 45 वर्षीय फोनेशियन एक्का गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## रातू बिजुलिया कोल्ड स्टोर में मारपीट, मैनेजर घायल

**रातु (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बिजुलिया स्थित निर्मला कोल्ड स्टोर के मैनेजर भरत महतो के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गये। घटना गुरुवार की शाम 4 बजे को है। मारपीट में भरत महतो के पीठ,सीना चहरे के अलावा अन्य जगहों पर चोट आई है। उसका इलाज रातु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मामले को लेकर भरत ने बताया कि वह शाम के चार बजे अपने कोल्ड स्टोर में खड़ा था।

# स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों की प्रदेश में सुधि लेनेवाला भी कोई नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले आजाद हिंद फौज के लेफ्टिनेंट अमर बेणेश्वर राय के परिजनों ने परिवार की बदहाली के बाबत पत्र लिखकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मदद की गुहार लगाई है। देश की आजादी के लिये सुभाषचंद्र बोस जी के एक आह्वान पर अपना सबकुछ त्यागकर जंग-ए-आजादी में शामिल होनेवाले इस वीर सपूत के परिवार की माली हालत अत्यंत ही दयनीय है और वर्तमान समय में रहने के लिये अपना घर तक नहीं है। नामकुम के रामपुर बाजार स्थित जिस घर में वह रहते है, वह घर भी उनके ससुरजी का है। जिसके एक कमरे में वह बमुश्किल अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते आये है। फिलहाल उनके तीन बेटों में दो बेटे रंजन राय और विक्रम राय ही जीवित है। गौरतलब है कि आजाद हिंद फौज के इंटेलिजेंट ग्रुप के सक्रिय सदस्य रहे अमर बेणेश्वर राय जी का निधन 2005 में हो गया था और 1991 में जब वह 72 वर्ष के थे। तब उन्होंने आजादी की अमरगाथा को याद करते हुये बहुत ही तल्ख शब्दों में कहा था कि देश के लिये लड़ते हुये यही बात दिमाग में थी की आजादी के बाद ₹देशवा घर होगा और घरवा ही देश होगा लेकिन आजादी के इतने सालों बाद यही समझ में आया कि वर्तमान आजाद मुल्क में भी तीन तरह से ही काम निकाला जा सकता है। पैसा, पैरवी और दादागिरी से और दुर्भाग्य से मेरे पास इनमें से कुछ भी नहीं है। आगे उन्होंने बतलाया कि मेरी छोड़िए वर्मा के जंगलों में भारत-वर्मा सीमा पर जो हजारों भारतीय सिपाही शहीद हुये थे। उनकी विधवाओं और बच्चों तक की सुधि लेनेवाला कोई नहीं है। बिहार के तत्कालीन राज्यपाल पी वेंकटसुबैय्या को 15 मई 1986 को पत्र लिखकर राय जी ने सहायता मांगी थी। जिसके बाद राज्यपाल ने 03 जून 1986 को जिला प्रशासन को भूमि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया था। किंतु इसपर आज तक अमल नहीं हो पाया है। विडंबना देखिए कि बिहार से झारखंड को अलग हुये आज 23 साल होने को है। किंतु इस वीर स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों के प्रति चिंता किसी भी सरकार ने नहीं जताई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या इसी दिन के लिये हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर किया था।

## एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित केशरी मेडिकल स्टोर के बैनर तले गुरूवार को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन। शिविर में लगभग 110 स्वास्थ्य की नि :शुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रांची के प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ सुमन सिन्हा ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला परिवार की आधार वो खान पान में पूरा ध्यान रखें।

## निर्देश : प्रखंड प्रमुख व एमओ ने की पीडीएस डीलर के साथ समीक्षा बैठक

# पीडीएस के लाभुक को समय पर करें राशन वितरण : राजकुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व प्रभारी एमओ मनोज कुमार ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीलरों को राशन वितरण में पारदर्शिता लाने और समय से राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुछ डीलर के प्रति हमेशा समय पर राशन वितरण नहीं करने और कम अनाज देने की शिकायत जनता से मिलती रही है।उ न्होंने डीलरों को निर्देश दिया कि वह खुद में सुधार लाएं और समय पर राशन वितरण करें। वहीं, डीलरों ने बताया कि गोदाम से कम राशन प्राप्त होता है और डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदारों द्वारा समय से दुकान पर खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की जाती है, जिसकी वजह से लाभुकों को समय से राशन नहीं मिल पाता है। इस पर प्रखंड प्रमुख व प्रभारी एमओ ने डीलरों को आश्वस्त किया कि हर एक डीलर को गोदाम से आवंटन के हिसाब से पूरी मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में डीलर अभिमन्यु सिंह, शंभु कुमार, सूर्यनाथ राम, मिथिलेश कुमार, उमेश पासी, बिमलेश कश्यप, उदय यादव, ललन पासवान, जमील अहमद, भगवान प्रसाद, अरविंद सिंह, प्रवीण कुमार, अजित चौधरी, बिजय मेहता आदि मौजूद थे।


बैठक में शामिल प्रखंड प्रमुख, एमओ और डीलर।

## झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लाइव प्रसारण से लोगों को मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त

### नगर आयुक्त व उप नगर आयुक्त ने लाइव प्रसारण का किया उद्घाटन

गांधी उद्यान में लेंगें झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्राफी का आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के गांधी उद्यान में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का लाइव प्रसारण का आनंद लिया जा सकता है। प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर से पलामू जिला प्रशासन एवं मेदिनीनगर नगर निगम के सहयोग से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। लाइव प्रसारण का उद्घाटन मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं उप नगर आयुक्त अनवर हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी मैच का आनंद भी लिया। उद्यान के प्रवेश टिकट पर दर्शक मैच का आनंद उठा सकेंगे। मैच का लाइव प्रसारण देखने के लिए दर्शकों को अलग से कोई शुल्क नहीं लगेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि झारखंड महिला एशियन कप चैंपियंस ट्रॉफी 2023 चल रहा है। पलामू में इसके लाइव प्रसारण से आम जनमानस को लाभ मिलेगा। आम लोग आसानी से इसका आनंद उठायेंगे। यह अच्छी पहल है। वहीं, उप नगर आयुक्त अनवर हुसैन ने कहा कि हॉकी मैच का संबंध पलामू से रहा है। हॉकी मैच का आनंद लेकर यहां के दर्शक मनोरंजन कर सकेंगे। उन्होंने गांधी उद्यान पहुंचकर हॉकी मैच के लाइव प्रसारण का आनंद उठाने की अपील की। मौके पर प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, एसएमपीओ प्रमोद कुमार, जिला जनसंपर्क के एपीआरओ अजित कुमार तिवारी, एसएमपीओ भास्कर कुमार, अरूण कुमार, आलोक माथुर, अरविंद भसिन, सुनील गुप्ता, संजय सिंह, एसएम शाहनवाज आदि उपस्थित थे।




## रोहित मेहता बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 के वर मुहल्ला में युवाओं की गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। लक्ष्मी पूजा के सफल आयोजन व संचालन को लेकर पूजा समिति का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रोहित मेहता को अध्यक्षय व चंदन कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। जबकि दीपक सोनी को कोषाध्यक्ष, चंदन ठाकुर व अमन कुमार को सचिव, विक्की सोनी व अनुप कुमार को उप सचिव, विजय कुमार व उज्जवल सोनी को मंत्री, राजू सोनी व संदीप कुमार को महामंत्री में बनाया गया है। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकरणी में गोलू सोनी, नीरज पांडेय, सूरज, गौतम व शिवम सोनी आदि को शामिल किया गया है।

# नियम के तहत ही किया जायेगा चयनित : एमडीओ

- बालू घाट संचालन को लेकर निविदा प्रकाशन के लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिलास्तीय निविदा समिति की बैठक संपन्न
- जिले के कैटेगरी (टू) ए और बी के 10 बालू घाटों की निविदा प्रकाशन पर बनी सहमति
- आज होगा निविदा प्रकाशित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर मेसर्स झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा झारखंड राज्य अंतर्गत बालूघाटों के संचालन के लिए जिलास्तरीय निविदा समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने की।जिसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड की ओर से कैटेगरी-(2) ए और बी के बालूघाटों के एमडीओ चयन के लिए भेजी गयी सूची को पेश किया गया एवं 10 बालूघाटों के निविदा प्रकाश को लेकर चर्चा की गयी। इसके बाद जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा शुक्रवार को एमडीओ चयन के लिए बेबवाइट में ई-निविदा प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं निविदा को सरकार द्वारा बनाए गय नियमों के तहत ही प्रकाशित करवाने पर सहमति बनी। बैठक में पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता और लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

### एमडीओ चयन को लेकर इन बालूघाटों की प्रकाशित की जायेगी ई-निविदा

1. मौजा-दंगवार,कैटेगरी-बी, रकबा- 38.43 हेक्टेयर, अंचल-हुसैनाबाद- सोन नदी
2. मौजा-परता,कैटेगरी-बी,रकबा-30.45 हेक्टेयर,अंचल-हैदरनगर-नदी-सोन
3. मौजा-कबरा कला,कैटेगरी-बी,रकबा-10.52 हेक्टेयर,अंचल-हैदरनगर,मोहम्मदगंज-सोन
4. मौजा-लालगडा,कैटेगरी-बी-रकबा-26.27 हेक्टेयर,अंचल-विश्रामपुर-नदी-उतरी कोयल
5. मौजा-जैतूखांड़,कैटेगरी-बी-रकबा-18.21 हेक्टेयर, अंचल-पाटन,मेदिनीनगर, नीलाबंर-पितांबरपुर- अमानत नदी
6. मौजा-कांके खुर्द,कैटैगरी-ए-रकबा- 4.08 हेक्टेयर,अंचल-पाटन-नदी- अमानत
7. मौजा-मिसिर पतरा,कैटगरी-बी-रकबा- 29.64 हेक्टेयर अंचल-लेस्लीगंज, तरहसी-नदी-अमानत
8. मौजा-गुरतूरी,कुम्हराडीह, कैटगरी-बी-रकबा-16.89 हेक्टेयर,अंचल-तरहसी-नदी-अमानत
9. मौजा-बिरितिया डंडार,कुम्हराडीह,कैटेगरी-बी-रकबा-30.29 हेक्टेयर,अंचल-तरहसी,पांकी-नदी-अमानत
10. मौजा-बरवैया,कैटेगरी-ए-रकबा-4.88, हेक्टेयर अंचल-तरहसी पांकी- अमानत नदी

# उप नगर निगम आयुक्त ने किया गांधी उद्यान का औचक निरीक्षण

उद्यान की सुरक्षा व रख-रखाव का लिया जायजा, लोगों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के उप नगर आयुक्त सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बुधवार देर शाम गांधी उद्यान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान की सुरक्षा और रख-रखाव का जायजा लिया। वहीं पार्क में घूमने आये लोगों और बच्चों से मिलकर उनका फीडबैक भी लिया। मौके पर उप नगर आयुक्त श्री हुसैन ने शहर को स्वच्छ व गांधी पार्क को प्लास्टिक मुक्त बनाने में लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह गांधी पार्क शहर के बीचों-बीच अवस्थित लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र है और दुनिया में किसी भी शहर की पहचान वहां के सार्वजनिक स्थलों से होती है ऐसे में आप सभी इस पार्क को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना सहयोग अवश्य दें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे शहर में ऐसे और स्थल विकसित किये जायें और मेदनीनगर की पहचान एक खूबसूरत शहर के रूप में हो और यह शहर स्वच्छता की रैंकिंग में हमेशा अव्वल रहे.मौके पर नगर निगम के अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में पार्क घूमने आए लोग उपस्थित थे।



## जीवन में सबसे बड़ा दान रक्तदान है : गिरिजा सिंह



विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विहंगम योग संस्थान के स्वरर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत श्री विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर शहर के महावीर जी भवन परिसर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह आदि ने सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। इस दौरान 40 लोगों ने रक्तदान किया। पहला रक्तदान अमितेश मिश्रा ने किया। वहीं, गिरिजा प्रसाद सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से कोई हानी नहीं, बल्कि कई लाभ होते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा दान रक्तदान होता है। इस मौके पर संस्थान के सह संयोजक यशवंत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, रामाशीष प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रभारी अमलेश कुमार सिंह, मुकुंद अग्रवाल, नागेश्वर प्रसाद, सूचित कुमार, अरुण कुमार सिंह, राजाराम, धर्मराज, लक्ष्मण सिंह, राखी सिंह, सुनील वर्मा, अरुण विश्वकर्मा, राजेंद्र मेहता और उषा कुमारी आदि मौजूद थे।

# जपला एके सिंह कॉलेज में डॉ राम सुभग सिंह की पुस्तक का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह की प्रकाशित पुस्तक 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचार- यात्रा : सनातनी से साम्यवादी' का लोकार्पण प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में डॉ आलोक रंजन कुमार, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो शशिभूषण सिंह, प्रो सुधीर कुमार सिंह एवं ओम प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से किया।डॉ राम सुभग सिंह ने पुस्तक के संबंध में बताया कि प्रायः राहुल जी को घुमक्कड़, साहित्यकार, उपन्यासकार एवं तिब्बत से 21 खच्चरों पर दुर्लभ बौद्ध ग्रंथ लाने वाले के रूप में सीमित कर पेश किया जाता है। पर राहुल जी बहुभाषाविद के साथ-साथ चलती-फिरती लाइब्रेरी थे। इसीलिए मैंने सोचा कि सनातनी से आर्य समाजी, आर्य समाजी से बौद्ध और अंततः बौद्ध से साम्यवादी बनने की विचार-यात्रा के माध्यम से इनके दार्शनिक विचारों को जनता के समक्ष लाया जाए। उनके दार्शनिक विचार उग्र एवं क्रांतिकारी हैं। वहीं, डॉ आलोक रंजन ने कहा कि आज समाज में काफी भ्रांतियां हैं। उनकी समीचीन व्याख्या डॉ राम सुभग सिंह ने अपनी पुस्तक में राहुल जी के विचारों के आधार पर की है। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि इस किताब में रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों पर प्रहार किया गया है। यह किताब छात्रों एवं सुधी पाठकों में तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति रूझान पैदा करेगी। डॉ राम सुभग सिंह ने यह पुस्तक महाविद्यालय की लाइब्रेरी को भेंट की है। विद्यार्थियों से अपील है कि वह लाइब्रेरी से लेकर इन पुस्तकों का अध्ययन करें।



# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अधिकारियों की अनुपस्थिति से लाभुक हो रहे परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में इन दिनों लाभुकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 18 किलोमीटर दूर से लोग जाति, आय, स्थानीय, चेक स्लिप, एलपीसी बनाने तथा एमबी पर हस्ताक्षर कराने के लिए आ रहे हैं और अधिकारियों को नहीं पाकर उलटे पांव लौट जा रहे हैं। इस बाबत गुरुवार को एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता और युवा प्रखण्ड अध्यक्ष मंटू कुमार मेहता ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सप्ताह से कई लाभुक एलपीसी और चेक स्लिप बनाने और एमबी पर हस्ताक्षर के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहें हैं। काम नहीं होने पर उलटे पांव लौटना पड़ रहा है, जिससे यहां के जनता काफी परेशान हैं। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि जनता के हित में पारदर्शित तरीके से कार्य किया जाए। ताकि कार्यालय में किसी के बार-बार आने और उनके परेशानी से आप भी बचें।



## स्पोर्ट्स



मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को श्रीलंका को 302 रन के रिकॉर्ड अंतर से हराकर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। इस दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 357 रन का लक्ष्य दिया। जबकि श्रीलंका 55 रन पर ऑल आउट हो गयी।

## वर्ल्ड कप 2023 में लगातार सात जीत के साथ अजेय रही भारतीय टीम

# भारत की श्रीलंका पर रिकॉर्ड 302 रन की धमाकेदार जीत, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली बनी पहली टीम

एजेंसी

**मुंबई।** शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में गुरुवार को श्रीलंका को रिकॉर्ड 302 रन से हरा दिया। यह वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की अब तक की बसे बड़ी जीत है। भारत ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। भारतीय टीम ने 2007 में बरमूडा को 257 रन से हराया था। भारत ने इस वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीता है और सेमीफाइनल में सबसे पहले जगह पक्की की है। भारत के सात मैचों में 14 अंक हो गए और टीम टूर्नामेंट में अजेय है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट लिए। एक विकेट स्पिनर रवींद्र जडेजा को मिला। इनसे पहले शुभमन गिल (92 बॉल पर 92 रन), विराट कोहली (94 बॉल पर 88 रन) और श्रेयस अय्यर (56 बॉल पर 82 रन) शतक बनाने से चूक गए। गौरतलब हो कि भारत ने इस वर्ल्ड कप में पहली बार 357 का स्कोर खड़ा किया। भारत से शुभमन गिल ने 92 बॉल पर 92, विराट कोहली ने 94 बॉल पर 88 और श्रेयस अय्यर ने 56 बॉल पर 82 रनों की पारियां खेलीं। जबकि श्रीलंका से दिलशान मदुशंका ने 5 विकेट झटके। वहीं दुष्मंथा चमीरा को एक विकेट मिला।



### कोहली-गिल ने रखी जीत की नींव

पावरप्ले में संभली शुरूआत के बाद कोहली और गिल की जोड़ी ने भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने कुछ अच्छो शॉट जमाए। पहले कोहली फिर गिल ने फिफ्टी पूरी की। कोहली ने 70वीं और गिल ने वनडे करियर की 11वीं फिफ्टी पूरी की। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 179 बॉल पर 189 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को दिलशान मदुशंका ने 30वें ओवर की आखिरी बॉल पर गिल को स्लोअर बाउंसर पर विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराकर तोड़ा।

# सचिन की बराबरी करने से चूके विराट

**मुंबई (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले में गुरुवार को विराट कोहली ने 88 रन बनाए। वह 49वां वनडे शतक लगाने से चूक गए और सचिन तेंदुलकर के सेंचुरी रिकॉर्ड की बराबरी भी नहीं कर पाए। सचिन के नाम 49 वनडे शतक हैं। कोहली ने अब तक 48 शतक जमाए हैं। इस मैच में विराट ने वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया, लेकिन कुछ रिकॉड्र्स बनाने से चूक गए।



### सचिन के 49 शतक की बराबरी कर सकते थे

विराट को सचिन के वनडे क्रिकेट में 49 शतक की बराबरी करने का इंतजार है। सचिन के नाम 463 मुकाबलों में 49 शतक हैं। विराट अपने 288वें वनडे में ये मुकाम हासिल कर सकते थे लेकिन 12 रन से इस रिकॉर्ड को हासिल करने से चूक गए।

### सिराज ने किया रोनाल्डो सेलिब्रेशन

मोहम्मद सिराज ने विकेट लेने के बाद फुटबॉल स्टार रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन किया। चौथे ओवर की पहली बॉल पर कुसल मेंडिस बल्लेबाजी कर रहे थे। सिराज ने गुड लेंथ पर आउट स्विंग गेंद फेंकी। इसे मेंडिस पढ़ नहीं सके और बोल्ड हो गए।

### सिराज-बुमराह को पहली बॉल पर विकेट

श्रीलंका के तीन खिलाड़ी गोल्डन डक पर आउट हुए। इनिंग्स की शुरूआत ही विकेट से हुई। पहली बॉल पर बुमराह ने पथुम निसांका को चलता किया। बुमराह ने एंगल बनाते हुए अंदर की ओर बॉल फेंकी। निसांका इसे पढ़ नहीं सके और बॉल उनके पैड पर जा लगी। अपील पर अंपायर ने इसे आउट किया। इनिंग्स के दूसरे ओवर में मोहम्मद सिराज गेंदबाजी करने आए। ओवर की पहली ही बॉल पर गेंद अंदर की ओर आई और करुणारत्ने के पैड पर लग गई और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। श्रीलंका का तीसरा गोल्डन डक दसवें ओवर में आया। मोहम्मद शमी ने ओवर की चौथी बॉल पर बल्लेबाज हेमांता आउट हुए।

# पूरी व्यवस्था के साथ होगा मंदिर का निर्माणः विधायक

## ढोरी क्षेत्र का भविष्य अमलो परियोजना पर निर्भरः जीएम



मंदिर निर्माण के लिए विधायक और ढोरी जीएम ने रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** श्रीश्री 1008 शांतिधाम अमलो गोल पहाड़ी शिव मंदिर का एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना के विस्तारीकरण कार्य को लेकर नए शिव मंदिर के लिए सीसीएल ढोरी के बंद एक्सावेशन परिसर में भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल और सीसीएल ढोरी जीएम मनोज कुमार ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। पंडित विष्णु कांत पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कराया गया। विधायक और जीएम ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। फिर सीमेंट का मशाला डाल मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी। विधायक ने कहा कि यहां बिजली, पानी के साथ विवाह मंडप, सामुदायिक भवन, सड़क, मंदिर, सोलर लाइट, बाउंड्री वाल आदि का निर्माण कराया जाएगा। यहां के वर्तमान स्थल पर जहां मंदिर है वहां भूगर्भ में कोयले का अकूत भंडार है। उसे निकालने के लिए ग्रामीण और श्रद्धालु प्रबंधन को सहयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने कहा कि अमलो परियोजना पर ही ढ़ोरी क्षेत्र का भविष्य निर्भर है। इसलिए इसके विस्तार में सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने कहा कि रैयतों व विस्थापितों को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ढ़ोरी क्षेत्र अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। इस अवसर पर एएडीओसीएम पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, एएफएम राजीव रंजन, एसओसी उज्जवल कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, एसओएक्स यूके पासवान सहित कांग्रेस के वरीय नेता गिरिजा शंकर पांडेय, हरेंद्र सिंह, शिवनंदन चौहान, राजेश्वर सिंह, उत्तम सिंह, परवेज अख्तर, श्रीकांत मिश्रा, जयनाथ मेहता, महेंद्र चौधरी वही कमेटी के कमेटी के अध्यक्ष मदन सिंह, सचिव विवेक चौहान, राजकुमार चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उर्स मेला जा रही महिला से छिनतई



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद छह नंबर के समीप बुधवार की रात अपराधियों ने हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक के मौके चल रहे उर्स मेले में जा रही गुलनार नामक महिला का पर्स छिन लिया। पीड़ित महिला लोयाबाद सात नंबर की रहने वाली है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। हालांकि अपराधी उससे पहले फरार हो चुका था। महिला ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मेला देखने जा रही थी। मुख्य मार्ग से मजार शरीफ के जाने वाली रास्ते में जैसे गई कि अचानक झाड़ियों से 10 अपराधी निकले और उसके हाथ को मरोड़ कर जबरन पर्श छीनकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गये। उसके पर्स में 2500 रुपये थे। महिला के चीखने की आवाज सुनकर वहां भीड़ जमा हो गई थी। वहीं, पीड़ित महिला मेला न जाकर घर लौट गई।

### हादसा : आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

# बस-स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत, हंगामा

**मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर सड़क अवरोध कराया समाप्त**

**दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर ले गई थाने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा-पंचेत मार्ग पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। बैंक ऑफ इंडिया की लायकडीह शाखा के समीप तीव्र गति से पुरुलिया से चिरकुंडा आ रही बस ने एक स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें स्कूटी सवार 28 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गौतम दास के रूप में हुई है। वह बेनागोड़ीया दास टोला का रहने वाला था। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों का कहना था कि इस सड़क पर बड़े-बड़े वाहन काफी तेज गति से चलते हैं जिस कारण हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। सड़क में एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया है। उधर, सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई। जबकि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। इसके अलावा घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी गयी। जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। उनका रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक चिरकुंडा से अपने बेनागोड़ीया स्थित घर जा रहा था।




# जेबीकेएसएस की बदलाव संकल्प जनसभा महुदा में 4 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुदा।** पाथरगड़िया पंचायत स्थित रौंदाबाड़ी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को होने जा रहे बदलाव संकल्प जनसभा कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बाघमारा इकाई की ओर से संवाददाता सम्मेलन कर समिति के अध्यक्ष रूपदेव रवानी ने कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी। कहा कि उक्त जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता टाईगर जयराम महतो होंगे। रूपदेव रवानी ने दावा कि जनसभा में बाघमारा प्रखंड के अलावे धनबाद और बोकारो सहित राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 50 हजार की भीड़ जुटेगी, जो 2024 में झारखंड में होने वाले विधानसभा के अलावा लोकसभा चुनाव की दशा व दिशा तय करेंगी। बताया कि सभा को सफल बनाने के लिए 300 सदस्य दिनरात युद्ध स्तर पर तैयारिओं में जुटे हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला व पुरुषों के लिये अलग-अलग बड़े दो पंडालों का निर्माण किया जा रहा हैं। इसके अलावा पार्किंग एवं महिला, पुरुष के लिये शौचालय, पानी व मेडिकल सेवा भी समिति द्वारा व्यवस्था किया गया हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष रूपेश प्रमाणिक, सचिव जगदंबा लाल महतो, सह सचिव यमुना राय, कोषाध्यक्ष राधेश्याम महतो, सहकोषाध्यक्ष गौतम मिश्रा, मीडिया प्रभारी सुदीप महतो, प्रवक्ता राहुल महतो, संरक्षक कमल महतो, प्रदीप महतो, सदानंद महतो, सलाहकार समिति के सदस्य गोपाल महतो, कमल कुमार, आकाश बिरु, विरेंद्र कुमार, राजकुमार रवानी, गोविंद महतो, कुदुश अंसारी, बासित, हैप्पी रवानी, संजीत ,करन , बब्लू, आशीष, शैखर ,अशोक अंसारी, छोटेलाल, इमतियाज साह, अलादीन, राजकुमार, धिरन महतो, गणेश महतो, बिनोद नापित, अर्जुन ,शुशील, मधुसुदन महतो चक्रधर रवानी, मुरली महतो, सतेन्द्र महतो, राजू हजारी, शुशील महतो, रमेश महतो, पप्पू दशोंधी, रोहित कुमार सरफराज, इरसाद, महावीर आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। निरसा बेनागोड़िया के मोदीडीह में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। 151 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तालाब से कलश में जलभर कर कार्यक्रम स्थल में स्थापित किया गया। इस दौरान धार्मिक नारों की गूंज से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वृंदावन से आये कथा वाचक श्री राम जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा के रस में सराबोर करेंगे। मुख्य यजमान के रुप में उमापद महतो, उनकी पत्नी कल्पना महतो हैं। मौके पर डॉ बलराम रवानी, भरत कुंभकार, सुबल कुंभकार, आदित्य कुंभकार, गोपाल कुंभकार, पतितपावन दास, हाबु बाउरी, मंगल कुंभकार, माना ठाकुर, रिंकू मित्र, सुभाष मंडल, संतोष दास आदि मौजूद थे।**

# दीप नारायण सिंह ने दर्जनों को दिलायी जदयू की सदस्यता



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में गुरुवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत टुंडी क्षेत्र से आये सामाजिक कार्यकर्ता गोलू उरांव के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। कहा कि जदयू गांव, गरीब, मजदूर और किसानों की पार्टी है। जदयू कार्यकर्ता गरीबों के बीच जाएं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन करें। मौके पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इम्तियाज खान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, प्रकाश यादव, संजय दे, मुस्लिम अंसारी, फागु हेंब्रम, सागर चौहान, गणेश चौहान, गोतम कुमार, शब्बीर अंसारी, पंकज सिंह, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## एचआरसीएफ विभाग ने बनाया डिस्पैच का नया रिकॉर्ड



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के एचआरसीएफ विभाग ने अक्टूबर' 2023 में 221814 टन प्राइम एचआर कॉइल्स के डिस्पैच का नया रिकॉर्ड बना दिया। प्राइम एच आर कॉइल्स के डिस्पैच का पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड मार्च 2007 के महीने में 219147 टन एचआर कॉइल्स का था। रेल और सड़क मार्ग के माध्यम से एचआर कॉइल्स के प्रेषण का यह उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रदर्शन एचआरसीएफ विभाग के लोडिंग टीम द्वारा डिस्पैच सर्किट के साथ जुड़े हुए अन्य विभाग जैसे पीपीसी, ट्रैफिक, सीएमओ और हॉट स्ट्रिप मिल के साथ करीबी समन्वय से संभव हुआ है। एचआरसीएफ विभाग की ओर से अक्टूबर' 2023 माह में सड़क मार्ग से 5650 टन एचआर कॉइल्स का सर्वकालिक रिकॉर्ड डिस्पैच पीपीसी विभाग के सराहनीय सहयोग से किया गया है। अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने एचआरसीएफ विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी सदस्यों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी।

## कतरास में माहुरी समाज ने आयोजित किया डांडिया नाइट



**कतरास (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य महिला समिति के तत्वाधान में गुरुवार को डीएवी महिला महाविद्यालय में गरबा डांडिया रास नाइट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कहा कि ऐसे आयोजन से भाईचारा बढ़ता है और समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। मौके पर माहुरी वैश्य मंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह निवर्तमान डिप्टी मेयर गिरिडीह प्रकाश सेठ, प्रदीप गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मार्क्सवादी समन्वय समिति ने दिवंगत नेता स्व कॉ मनबोध महतो दो दी श्रद्धांजलि



**महुदा (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी समन्वय समिति की ओर से गुरुवार को अपने दिवंगत नेता सह झारखंड आंदोलनकारी स्व कॉमरेड मनबोध महतो की दूसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान मौजूद लोगों ने कॉ मनबोध महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बाद में सभा आयोजित की गई, जिससी अध्यक्षता कॉ शिवाकर महतो ने की। मासस के केंद्रीय महासचिव कॉमरेड हलधर महतो ने कहा कि मनबोध महतो एक क्रांतिकारी विचारक और प्रखर समाजवादी नेता थे। उन्होंने सदैव समाज को जगाने का काम किया। वे एक संघर्षशील व्यक्ति थे, जो सदैव दूसरो के हक अधिकार के लिए लड़ते रहे। इस मौके पर जिला सचिव कॉ दिलीप महतो, कॉ अजय महतो, कामरेड मंटू महतो, कॉ अशोक दसौंधी, विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, कॉ राम कुमार सिंह, कॉ याकूब अंसारी, प्रखंड सचिव कॉ राजेश महतो, कॉ ठाकुर महतो, कॉ राधु राय आदि मौजूद थे।

### लोयाबाद में सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा के सालाना उर्स पर कव्वाली का आयोजन

# काबा में तेरा जलवा कासी में तेरा नजारा है, यह घर भी हमारा वह घर भी हमारा है

आजाद सिपाही संवाददाता






**लोयाबाद।** लोयाबाद ईदगाह के पास चल रहे कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर बुधवार की रात में कव्वाली का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के कव्वाल फहीम गुलाम वारसी और सकील अली साबरी के बीच मुकाबला हुआ। दोनों फनकारों ने एक से बढ़कर एक नात व मनकबत और गजलें सुना कर शमा बांध दिया। कव्वाली सुनने के लिए काफी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं। कव्वाल फहीम वारसी ने जो कुछ मैंने मांगा था वह तकदीर मिला। क्यों किस्मत पर नाज न करुं ख्वाजा जैसा पीर मिला। बगैर उसको बताए निभाना पड़ता है, ये इश्क राज है जिसे छुपाना पड़ता है। यह ऐसा प्यार है कि हर दिन जताना पड़ता है। न छेडो हमें काली काली जुल्फों से हमें जिंदा रहने दो ऐ हुस्न वालों हमें जिंदा रहने दो। बराबर जिक्र किया वह बराबर याद आती है। मुझे जिस ने पागल किया वही मुझे याद आती आदि नगमें सुनाकर खुब वाहवाही लूटी। जबकि सकील साबरी ने 'ये जमीन ये आसमान तेरा है। ये खुदा तो खालिक है सारा जहां तेरा है। मैं यह नहीं कहता कि मुझे सुल्तान बना दे। मैं यह कहता मुझे हाफिज कुरान बना दे। काबा में तेरा जलवा कासी में तेरा नजारा है। यह घर भी हमारा वह घर भी हमारा है। सुनाकर खुब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम, पूजा कमेटी के सचिव विरेंद्र पासवान, जय प्रकाश पांडे, जगदीश चौधरी, मुर्तजा अंसारी, शाहरूख खान मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, मो जमालउद्दीन, शाहरुख खान, सिकंदर ए आजम, कमरे आलम, निसार मंसूरी आदि सक्रिय थे।

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा
"सूचना"

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022" सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 12 सितम्बर 2022 से प्रभावी है। संयुक्त निदेशक (नियोजन), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची का पत्रांक : 1009 (नि0), दिनांक : 19.10.2023 के द्वारा वैसे स्थानीय उम्मीदवारो जिनका स्थानीय प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है उन्हे रोजगार पोर्टल पर आवश्यक रूप से स्थानीय प्रमाण–पत्र झारखण्ड रोजगार पोर्टल पर अपलोड कराने का निदेश प्राप्त हुआ है।

अतः कोडरमा जिलान्तर्गत सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि रोजगार पोर्टल पर निबंधित स्थानीय उम्मीदवार जिनका आवसीय प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। वैसे स्थानीय उम्मीदवार जिला नियोजनालय, कोडरमा में आकर आवश्यक रूप से अपना स्थानीय प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करा लें।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 310477 Labour Employment and Traning(23-24)D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836, E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

विज्ञापन संख्या :–1141(समग्र)

झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना

विभागीय आदेश संख्या–**QU/40/207/2022/3060** दिनांक **03.08.2023** के आलोक में जिला में संचालित दो झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 02.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा नये समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला, पिनः– 835223, जिलाः–सिमडेगा में आमंत्रित किए जाते हैः–

| sl. no | Name of post | vacancy | roster | | | | | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| | कक्षा 6 से कक्षा 8 | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– गणित) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– सा० विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– शारीरिक शिक्षा | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| | कक्षा 9 से कक्षा 12 | | | | | | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– भाषा (हिन्दी) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– भाषा (अंग्रेजी) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– विज्ञान (फिजिक्स+गणित) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– विज्ञान (केमेन्ट्री+बायोलोजी) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– सा० विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 11 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– अर्थशास्त्र | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते अहर्त्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक बेवसाईट **WWW.Simdega .nic.in** पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 310488 Primary Education(23-24)#D

# किम्स के डॉक्टरों का कमाल : नौ माह के बच्चे का ऑपरेशन सफल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कलिंग आयुर्विज्ञान संस्थान (किम्स) के डॉक्टरों ने नौ महीने के एक बच्चे की आंख का सफल ऑपरेशन किया है। बच्चे को जन्मजात ग्लूकोमा था। उन्नत ग्लूकोमा सर्जरी, ट्रैबेकुलोटॉमी और ट्रैबेक्यूलेक्टोमी का एक संयोजन किम्स में किया गया। एक शिशु रोगी पर इस तरह के इलाज के लिए संस्थान को बढ़ावा देना ओडिशा के लिए एक सौभाग्य है। शहर के रहने वाले इस बच्चे की दाहिनी आंख की एक नवंबर को जटिल सर्जरी की गयी थी। विभाग की प्रमुख डॉ मातुली दास की देखरेख में नेत्र विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ शाश्वती सेन ने सर्जरी की। चिकित्सा दल के प्रयासों ने बच्चे को आंशिक या पूर्ण अंधेपन के जीवन का सामना करने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। डॉक्टरों के अनुसार मरीज ठीक हो रहा है और जल्द ही उसे छुट्टी मिल जायेगी।

किम्स में उपचार की लागत राज्य के अन्य अस्पतालों की तुलना में काफी कम थी। किम्स से उपचार का लाभ उठाने का निर्णय लेने से पहले बच्चे के माता-पिता अन्य अस्पतालों में गये थे।



जन्मजात ग्लूकोमा 10 हजार में से एक व्यक्ति को होती है, जिसमें सफल उपचार के लिए प्रारंभिक निदान और हस्तक्षेप महत्वपूर्ण हो जाता है। डॉ सेन ने त्वरित चिकित्सा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चे की बीमारी चार महीने में विकसित हो गयी थी। ऐसी स्थिति 10 हजार में से एक मामले में होती है। जितनी जल्दी आप आंख का इलाज करेंगे, उतना ही बेहतर होगा।

# एमसीएल में स्वयं-सहायता समूहों ने लगाये स्टॉल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

संबलपुर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय संबलपुर में स्थानीय हस्तशिल्प और खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच महिला स्वयं-सहायता समूहों के स्टॉल लगाये गये हैं। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) केशव राव ने मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, वित्त निदेशक एके बेहुरा, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) एएस बापट तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्टॉल का उद्घाटन किया। पांच स्वयं-सहायता समूह में जय मां लक्ष्मी समूह, मोदीपाड़ा, संबलपुर, बालुंकेश्वर बाबा समूह, नंदापाड़ा, संबलपुर, ब्रुंदाबाती समूह, तलियापाड़ा, संबलपुर, राधारानी समूह, परमानपुर और मातृशक्ति समूह, संबलपुर विभिन्न पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा और खाद्य उत्पादों को अपने स्टॉल में प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि बीएआइएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन, संबलपुर एमसीएल की 'उत्थान' परियोजना के तहत की गयी नवीन पहलों का प्रदर्शन कर रहा है।







# तेलंगाना में एक लाख करोड़ की लूट हुई है: राहुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हैदराबाद।** राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि तेलंगाना में दो दिसंबर को होनेवाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो महिलाओं को चार हजार रुपये तक का फायदा होगा। दरअसल, राहुल गांधी कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा (लक्ष्मी) बैराज के पास अंबातीपल्ली गांव में एक महिला सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा कथित तौर पर लूटे गये सभी धन को लौटाने का



फैसला किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की लूट से तेलंगाना की महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक पेंशन, एलपीजी सिलेंडर पर बचत और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के जरिए महिलाओं को चार हजार रुपये तक का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में हर महीने महिलाओं के बैंक खातों में सामाजिक पेंशन के रूप में ढाई हजार रुपये जमा किये जायेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस सत्ता में आने पर एक हजार के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पांच सौ रुपये में करेगी। सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के माध्यम से एक हजार रुपये की आपूर्ति की जायेगी।

तेलंगाना में एक लाख करोड़ रुपये लूटे जाने का आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा कि बीआरएस, भाजपा और एमआइएम आगामी चुनाव में एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मुकाबला कांग्रेस और केसीआर के नेतृत्व वाली पार्टी के बीच है। राहुल ने केसीआर पर कालेश्वरम परियोजना से पैसा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केसीआर के लिए एटीएम की तरह है। राहुल ने कहा कि इस मशीन को चलाने के लिए तेलंगाना के सभी परिवारों को 2040 तक सालाना 31,500 रुपये खर्च करने होंगे।







# आइआइटी भुवनेश्वर ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक राष्ट्र के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। केंद्रीय सतर्कता आयोग, नयी दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुसार सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम की इस वर्ष की थीम 'भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें' थी।

इसी अनुक्रम इस आयोजन के एक भाग के रूप में एक नवंबर को आइआइटी भुवनेश्वर ने शीर्षांकित विषय पर एक सेमिनार का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर मनीष विरेश सुरती, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा, सीबीआइ, भुवनेश्वर के प्रमुख, जो सीबीआइ मामलों के संबंध में ओडिशा राज्य



के प्रभारी भी हैं, ने इस संगोष्ठी में उपस्थित होकर इस आयोजन की शोभा बढ़ायी और संस्थान के छात्रों और स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने अपने व्यापक अनुभव के उदाहरणों के माध्यम से भ्रष्टाचार की रोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। आगे उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की गुंजाइश है और हमें इसके मजबूत निवारण और नियंत्रण तंत्र का निर्माण करना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार की ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके। अपने अभिभाषण में उन्होंने सत्यनिष्ठा और इमानदारी पर भी जोर दिया, जो भ्रष्टाचार को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

अपने संबोधन में आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने इस तथ्य पर जोर देते हुए कहा कि देश के भावी नागरिकों को भ्रष्टाचार के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है और उन्हें अपने भविष्य के कार्यस्थलों पर इन बुराइयों से लड़ने के लिए तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी जोर दिया और छात्रों और संस्थान के स्टाफ सदस्यों से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आइआइटी भुवनेश्वर के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रोफेसर प्रवास रंजन साहू ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया और उनका परिचय दिया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा कुलसचिव बामदेव आचार्य, संकाय के वरिष्ठ सदस्य और संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इससे पूर्व सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रोफेसर प्रवास रंजन साहू द्वारा आइआइटी भुवनेश्वर के सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी।







# ओड़िशा केंद्रीय विवि में हिंदीतर भाषी हिंदी नवलेखन शिविर का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के संयुक्त तत्वावधान में हिंदीतर भाषी हिंदी नवलेखन शिविर का एक नवंबर को शुभारंभ हो गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा मार्गदर्शन में हिंदी नवलेखन शिविर का उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ दीपक कुमार पांडेय थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो नरसिंह चरण पंडा शामिल हुए। साथ ही साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, सभी विभागों के



विभागाध्यक्ष, अध्यापक-अध्यापिकाएं, हिंदी समन्वयक, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष, जनसंपर्क अधिकारी, ऑफिस कर्मचारी तथा अनेक विद्यार्थी-शोधार्थीगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए शैलबाला महिला महाविद्यालय, कटक, सरकारी महाविद्यालय राउरकेला, सुंदरगढ़ और सरकारी महाविद्यालय कोरापुट के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। स्थानीय संयोजक तथा हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रधान के तत्वावधान तथा हिंदी विभाग की अध्यापिका डॉ दुलुमनि तालुकदार के कुशल संचालन में कार्यक्रम हुआ।

प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में मार्गदर्शक डॉ लक्ष्मीधर दास के गंभीर, विस्तार तथा प्रेरणास्पद संभाषण से सभी लोग अभिभूत हो गये। उनके विद्वतापूर्ण व्याख्यान से सभी प्रतिभागीगण सृजनात्मक लेखन-चिंतन-मनन की ओर उद्बुद्ध हो गये। द्वितीय सत्र में हिंदी विभाग के अध्यापक डॉ सौम्यरंजन दास के कविता लेखन संबंधी आग्रहशील मनोभाव तथा कविता पाठ से सभी लोग प्रेरित और प्रभावित हुए। इस प्रायोगिक सत्र में कुछ विद्यार्थियों ने भी कविता लेखन के प्रति अपनी उत्सुकता को अभिव्यक्त किया। वर्तमान समय में कविता की स्थिति, संपृक्ति तथा स्वरूप को अभिव्यंजित करने में हिंदी विभाग के अध्यक्ष ने भी अपनी अनुभूतिसंपन्न वैचारिकता को प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस का यह शैक्षणिक कार्यक्रम समापन की ओर बढ़ा। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागुनाथ भोइ ने दी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**